दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। शनिवार 14 जून-2025 | वर्ष: 10 अंक: 175 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3







## पता नहीं मैं कैसे बचा प्लेन क्रैश में जिंदा बचे शख्स से मिले पीएम मोदी, बताया कैसे सीट के साथ नीचे गिरा



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास ने अपना खौफनाक अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि मेरे आसपास लाशें बिखरी पड़ी थीं। मैं घबरा गया और बाहर की ओर दौड़ा। अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार का अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की भयावहता को उन्होंने महसूस किया है। हादसे के बाद आज पीएम मोदी ने रमेश विश्वास से मुलाकात की। इसके बाद दूरदर्शन से बातचीत में रमेश विश्वास ने आपबीती बयां की।

"सब कुछ मेरी नजरों के सामने हुआ। ...मुझे खुद भरोसा नहीं हो रहा कि मैं कैसे उसमें से जिंदा बाहर निकल सका। क्रैश होने के बाद कुछ देर के लिए मुझे लगा कि मैं भी मरने ही वाला हूं। जब आंख खुली तो एहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं। मैंने सीट बेल्ट खोला और मैंने बाहर निकलने की कोशिश की। मेरी नजरों के सामने एयर होस्टेस और कुछ अंकल-आंटी खत्म हो गए।"

"टेक ऑफ होते ही एक मिनट बाद 5-10 सेकंड के लिए लगा कि प्लेन कहीं फंस गया है। बाद में प्लेन में हरी और सफेद लाइटें ऑन हो गईं। फिर उसकी रफ्तार अचानक बढ़ गई और वह तेज रफ्तार के साथ एक इमारत (हॉस्टल) से जा टकराया।"

### दीवार थी, इसलिए बाकी यात्री नहीं बच सके...

"मैं जिस तरफ था, वहां से प्लेन जमीन की तरफ क्रैश हुआ था। वहां थोड़ी जगह थी। मैं जहां था, वहां प्लेन का दरवाजा टूटा। वहां थोड़ी जगह बनी। मैंने बाहर आने की कोशिश की तो मैं बाहर आ पाया। विमान के अंदर मेरी विपरीत दिशा जो लोग बैठे थे, प्लेन क्रैश होने पर उनकी तरफ इमारत की दीवार आ गई, शायद इसलिए वो नहीं निकल पाए। ...जब भीषण आग लगी तो मेरा एक हाथ भी जल गया। फिर मैं पैदल चलकर कुछ दूर आया। फिर एंबुलेंस मिल गई और अस्पताल पहुंच सका।"

### 11A सीट पर बैठे थे रमेश विश्वास बैठे

अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर अक-171 में रमेश विश्वास 11अ सीट पर बैठे थे। रमेश की उम्र 40 वर्ष है और वे एक ब्रिटिश नागरिक हैं। रमेश का जो वीडियो सामने आया उसमें देखा गया कि वो हल्के घायल हैं।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की हुई पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कानून व्यवस्था की स्थिति पर हुई बात

### भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी रहे साथ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पहुंचे थे। यहां उनकी मुलाकात पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद कमिश्नरेट जे रविंदर गौड से हुई।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी उनके साथ थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान जहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और पुलिस कमिश्नर जे रविदर गौड के बीच कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बातचीत हुई है। तो वहीं इस मौके पर शिष्टाचार भेंट भी की गई है।

बता दें कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार बेहतर पुलिसिंग और कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत करने के लिए कई तरीके के प्रयास कर रहे हैं।

वह लगातार जनसुनवाई से लेकर पुलिस कर्मियों को बेहतर व्यवहार और मजबूत बीट पुलिसिंग को लेकर फोकर कर रहे हैं। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पुलिस कमिश्नर से इस मौके पर जहां कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी बात की है, ऐसी जानकारी सूत्रों द्वारा प्रदान की गई है।

## गाजियाबाद रत्न : रविन्द्र त्यागी

# रविन्द्र त्यागी ने कंस्ट्रक्शन, रीयल एस्टेट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के क्षेत्र में पूरे भारत में बनाई बड़ी पहचान

## 30 हजार रुपये से शुरू हुआ सफर आज करोड़ तक पहुंचाया



प्रस्तुति
करंट क्राइम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद के अलग-अलग क्षेत्र में शौहरत हासिल करने वाले लोगों को गाजियाबाद की जनता के बीच में ले जाने के मकसद से नया कॉलम गाजियाबाद रत्न की शुरूआत की है। इस कॉलम में इस बार गाजियाबाद के जाने-माने बिल्डर, रीयल एस्टेस से लेकर क्रिकेट को बढ़ाने के लिए पहचान रखने वाले रविन्द्र त्यागी से दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण ने विस्तार से बातचीत की। वैसे तो दिल्ली-एनसीआर में तमाम रीयल एस्टेट कारोबारी हैं। पर कुछ लोग अलग-अलग वजह से लेकर अलग-अलग क्षेत्र में पहचान रखने वाले भी हैं। गाजियाबाद के राजनगर में रहने वाले निवाड़ी गांव के मूल निवासी रविंद्र त्यागी इन दिनों गाजियाबाद ही नहीं बल्कि देशभर में अपनी अलग पहचान रखते हैं। वह वर्तमान में बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के साथ ही बीवीसीआई से लेकर कृष्णा ग्रुप का कंपनी के सीएमडी के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। हसमुख अंदाज और पुरानी फिल्मों के शौकीन और खुद की एक टेलीफोन भी बन चुके हैं। इसके साथ ही कभी गाजियाबाद में जीडीए के जरिए अपने करियर की शुरूआत करने वाले रविंद्र त्यागी आज कई प्रदेशों और प्रदेश की बड़ी कंपनियों में पहचान रखते हैं। खुद रविंद्र त्यागी बताते हैं कि सन 1983 में वह 30 हजार रुपये लेकर अपने करियर की शुरूआत करते हैं। तो आज वह कई कई सौ करोड़ के बड़े प्रोजेक्ट भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया है कि वर्तमान में उनकी कंपनी जहां ऋषिकेश में वीवीआईपी ग्रुप के साथ मिलकर 175 करोड़ रुपए के सीवरेज का बड़ा काम कर रही हैं। तो दिल्ली जल बोर्ड से लेकर कई राज्यों में उनको तमाम काम मिले हुए हैं।



रविंद्र त्यागी बताते हैं कि उनके जीवन में सन 1991-92 में बड़ा परिवर्तन आया था, जब उनकी कंपनी और उनके साथियों ने जयपुर में हाउसिंग के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद फिर राजस्थान में मानसरोवर स्कीम के तहत उनको बड़े काम मिले। साल 1995 में उन्होंने कृष्ण कंस्ट्रक्शन के नाम से हॉट मिक्सर प्लांट लगाया था, तो वहीं आगरा सीवरेज में भी उनके द्वारा काम किया गया है। रविंद्र त्यागी बातचीत करते हुए बताते हैं कि इंदिरापुरम का पहला एसटीपी 56 एमएलडी उन्हीं की कंपनी द्वारा बनाया गया था और फिर वह सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के काम में जुट गए। इसके बाद पंजाब, लुधियाना के साथ ही यूपी, राजस्थान, पंजाब गुजरात और उत्तराखंड में भी उनकी कंपनियों ने बड़े स्तर पर काम किया है। रविंद्र त्यागी बताते हैं की रीयल स्टेट के क्षेत्र में भी उनके द्वारा तमाम प्रोजेक्ट किया जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत और उनके साथियों के साथ बेहतर संबंधों को बताया है। बातचीत के दौरान रविंद्र त्यागी ने बताया है कि वह बिल्डर एसोसिएशन के वर्तमान में उपाध्यक्ष हैं। तो 25 सालों तक वह और उनकी टीम अध्यक्ष के पद पर भी काबिज रही है। रविंद्र त्यागी बताते हैं कि उनको जहां पुरानी फिल्में और गाने सुनने का शौक है, तो वह अबतक दर्जनों देशों की विदेश यात्रा कर चुके हैं। उन्हें रीयल एस्टेट के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट करने के साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रमुखता से बनाने का अनुभव है। तो वही वह अपने मित्र प्रवीण त्यागी की तरह क्रिकेट के क्षेत्र में भी लगातार क्रिकेट को सुधारने, नए खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और पुराने खिलाड़ियों को फिर से मिलाने के लिए वैटर्नस क्रिकेट एसोसिएशन के तहत कई तरीके के आयोजन करते रहते हैं।

| | |
|---|---|
| नाम | : रविंद्र त्यागी |
| पिता | : राजेंद्र पाल सिंह त्यागी |
| मूलनिवासी | : निवाड़ी गाजियाबाद |
| शिक्षा | : मोदी नगर के एमएम इंटर से 12वीं की, फिर मेरठ कॉलेज मेरठ से लॉ की पढ़ाई की। |
| पेशा | : वर्तमान में कृष्णा ग्रुप कंपनी के सीएमडी, बोर्ड ऑफ वेटर्नस क्रिकेट ऑफ इंडिया यूपी के सेंट्रल जोन अध्यक्ष |
| पुत्र | : नितेश त्यागी |



**- रविंद्र त्यागी जी आज आप रीयल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके हैं। सफर कैसे और कहां से शुरू हुआ?**

1983 में मेरठ लॉ कॉलेज से पढ़ाई शुरू करने के बाद मेरे साथी प्रदीप और सुनील ने मिलकर छोटे-छोटे ठेके लेना शुरू किए थे। फिर हमने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में काम करना शुरू किया। जब शुरूआती दिनों में हम छोटे कंस्ट्रक्शन और काम किया करते थे, तो गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बजट हरियाणा स्टेट के बराबर होता था। उन्होंने बताया कि उन्होंने छोटे-छोटे कई प्रोजेक्ट शुरू में गाजियाबाद किए और फिर इसके बाद उन्होंने जयपुर और राजस्थान का रुख किया।

**- रविंद्र त्यागी जी कहा जाता है जयपुर और राजस्थान ने आपकी जिंदगी बदली है?**

देखिए हम 1983 से कमाने खाने के वाले दौर में आ गए थे लेकिन 1991 और 92 के बाद जब हमने जयपुर में हाउसिंग और राजस्थान में मानसरोवर स्कीम के तहत काम करना शुरू किया, तो एकदम से प्रॉफिट और अच्छा रिस्पांस मिला। कई बड़े प्रोजेक्ट्स और काम हमारे द्वारा शुरू किए गए। जिस पर सफलता मिली और फिर हमने अपने प्रोजेक्ट बढ़ाने शुरू कर दिया और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा है।

**- कहा जाता है कि कृष्ण कंस्ट्रक्शन कंपनी अब आपकी पहचान बन गई है?**

देखिए 1995 में कृष्ण कंस्ट्रक्शन कंपनी की शुरूआत की गई, फिर हमने हॉट मिक्स प्लांट लगाने शुरू किया और फिर हमें काम मिलने शुरू हो गए। कई साथी हमसे जुड़े और फिर कृष्णा कंसट्रक्शन कंपनी और उनके एंपलॉयर्स ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा, हम लगातार तरक्की कर रहे हैं।

**- बताया जाता है इंदिरापुरम का पहला एसटीपी भी आप ही ने बनवाया था ?**

हां यह बिल्कुल ठीक बात है कि हमने आगरा में सीवरेज पर 56 एमएलडी वाला काम किया और फिर इंदिरापुरम का जो पहला एसटीपी 56 एमएलडी था उसको भी बनवाने का पूरा काम खुद ही किया है। अब कृष्णा कंस्ट्रक्शन ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर भी अपने कदम बढ़ाने शुरू कर दिए। इसके बाद हमने पंजाब, लुधियाना, लखविंदर सहित कई बड़े शहरों में काम शुरू किया।

**- वर्तमान में आपकी कंपनी गाजियाबाद दिल्ली-एनसीआर के अलावा कहां-कहां पर काम कर रही है?**

देखिए हम यूपी, राजस्थान, पंजाब, गुजरात और पहाड़ों में काम करते हैं। जयपुर में जगतपुरा रीयल एस्टेट शुरू किया गया था, तो वहीं रीमल स्टेट भी बनाया गया है। वहीं मोदीनगर में हरे कृष्णा सोसाइटी डेवलप की गई है।

**- वर्तमान में सबसे प्रमुख और बड़ा कौन सा कम आपकी कंपनी द्वारा किया जा रहा है?**

देखिए वर्तमान में खाटू श्याम में हाउसिंग सिटी के रूप में बड़ा प्रोजेक्ट काम कर रहा है। तो वहीं 175 करोड़ रुपए से ऋषिकेश में सीवरेज ट्रीटमेंट वीवीआईपी ग्रुप के साथ काम किया जा रहा है। वहीं दिल्ली जल बोर्ड में भी हम बड़ा प्रोजेक्ट कर रहे हैं।

**- रविंद्र त्यागी जी कहा जाता है कि एक समय था जब बिल्डर एसोसिएशन में आपका दबदबा रहा?**

देखिए आज भी हमारे ही लोगों का दबदबा है। हमने 25 साल तक अध्यक्ष और अपनी पूरी टीम बनाई है और वर्तमान में भी बिल्डर एसोसिएशन पूरे देश की जो है, उसका उपाध्यक्ष हूं। हमारे संपर्क और टीम के लोग ही लगातार विजयी होते हैं और वहीं इसकी पूरी कमान संभाले हुए हैं।

**-आपने किस-किस देश की यात्रा की है और आपका घूमने एक बड़ा शौक भी बताया जाता है?**

देखिए मैंने जब 1983 में अपने करियर की शुरूआत की थी तो मात्र 30 हजार रुपये से उसे लेकर आगे बढ़ा था। आज मैं अमेरिका, जापान, साउथ अफ्रीका, फ्रांस, स्वीडन, जॉर्जिया, दुबई, यूरोप, एशिया, बिजिंग, पाकिस्तान, अर्मेनिया सहित तमाम विदेश में आता जाता रहता हूं। मुझे घूमने का शौक है, मैं जिस भी देश जाता हूं। वहां की पूरी भौगोलिक, ऐतिहासिक और वीडियोग्राफी से लेकर फोटोग्राफी भी सोशल मीडिया पर शेयर करता हूं और वहां की अच्छी बुरी बातों को भी और लोगों तक पहुंचाने का मेरा प्रयास रहता है।

**- आपके बारे में एक बात और कही जाती है कि आप क्रिकेट और पुरानी फिल्मों के शौकीन हैं। उसके लिए अलग से क्या इंतजाम रहता है?**

देखिए मुझे क्रिकेट के नए खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में खुशी मिलती है। साथ ही पुराने खिलाड़ियों के साथ हम तमाम तरीके के मैच आयोजित करते हैं ताकि उनके अनुभव से कुछ सीखा जा सके। इसके साथ ही समय-समय पर कई बड़े टूनार्मेंट जिसमें इंटरनेशनल और टीम इंडिया के बड़े खिलाड़ी शामिल करते हैं। तो वहीं हां मुझे मूवी देखने का शौक है। मैंने अपने घर में मिनी थिएटर बना रखा है। पुराने गाने, पुरानी फिल्में, दोस्तों के साथ बैठना और आनंद लेना अब एक शौक बन चुका है।

**- युवाओं के लिए क्या संदेश देना चाहेंगे?**

देखिए युवाओं से मेरा यही निवेदन है, मेरा बेटा नितेश त्यागी भी अब पूरे कारोबार को देख रहा है। मेहनत का कोई फामूर्ला नहीं होता है और शॉर्टकट नहीं होता है ,इसीलिए मेहनत कीजिए और गुणवत्ता पूर्वक काम करना चाहिए।

# पता नहीं मैं कैसे बचा', प्लेन क्रैश में जिंदा बचे शख्स से मिले पीएम मोदी, बताया कैसे सीट के साथ नीचे गिरा



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास ने अपना खौफनाक अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि मेरे आसपास लाशें बिखरी पड़ी थीं। मैं घबरा गया और बाहर की ओर दौड़ा। अहमदाबाद विमान हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री रमेश विश्वास कुमार का अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे की भयावहता को उन्होंने महसूस किया है। हादसे के बाद आज पीएम मोदी ने रमेश विश्वास से मुलाकात की। इसके बाद दूरदर्शन से बातचीत में रमेश विश्वास ने आपबीती बयां की।

### नजरों के सामने एयर होस्टेस खत्म हो गई...

" सब कुछ मेरी नजरों के सामने हुआ। ...मुझे खुद भरोसा नहीं हो रहा कि मैं कैसे उसमें से जिंदा बाहर निकल सका। क्रैश होने के बाद कुछ देर के लिए मुझे लगा कि मैं भी मरने ही वाला हूं। जब आंख खुली तो एहसास हुआ कि मैं जिंदा हूं। मैंने सीट बेल्ट खोला और मैंने बाहर निकलने की कोशिश की। मेरी नजरों के सामने एयर होस्टेस और कुछ अंकल-आंटी खत्म हो गए।"

### ऐसा लगा प्लेन कहीं फंस गया है...

" टेक ऑफ होते ही एक मिनट बाद 5-10 सेकंड के लिए लगा कि प्लेन कहीं फंस गया है। बाद में प्लेन में हरी और सफेद लाइटें ऑन हो गईं। फिर उसकी रफ्तार अचानक बढ़ गई और वह तेज रफ्तार के साथ एक इमारत (हॉस्टल) से जा टकराया।"

### दीवार थी, इसलिए बाकी यात्री नहीं बच सके...

" मैं जिस तरफ था, वहां से प्लेन जमीन की तरफ क्रैश हुआ था। वहां थोड़ी जगह थी। मैं जहां था, वहां प्लेन का दरवाजा टूटा। वहां थोड़ी जगह बनी। मैंने बाहर आने की कोशिश की तो मैं बाहर आ पाया। विमान के अंदर मेरी विपरीत दिशा जो लोग बैठे थे, प्लेन क्रैश होने पर उनकी तरफ इमारत की दीवार आ गई, शायद इसलिए वो नहीं निकल पाए। ...जब भीषण आग लगी तो मेरा एक हाथ भी जल गया। फिर मैं पैदल चलकर कुछ दूर आया। फिर एंबुलेंस मिल गई और अस्पताल पहुंच सका।"

### 11A सीट पर बैठे थे रमेश विश्वास बैठे

अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर अक-171 में रमेश विश्वास 11अ सीट पर बैठे थे। रमेश की उम्र 40 वर्ष है और वे एक ब्रिटिश नागरिक हैं। रमेश का जो वीडियो सामने आया उसमें देखा गया कि वो हल्के घायल हैं।

### गृह मंत्री शाह ने भी की थी मुलाकात

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विमान हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की थी। शाह ने अस्पताल पहुंचकर रमेश विश्वास से भी बात की थी। डॉक्टरों से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली। गृह मंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद और बेहतर उपचार देने का आश्वासन दिया और हादसे पर गहरा दुख जताया।

### हादसे में 266 लोगों की मौत

अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 1338 बजे टेकऑफ हुआ था। एअर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 मॉडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे।

### पीएम मोदी ने की रमेश विश्वास से मुलाकात

इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में रमेश विश्वास से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी ने रमेश विश्वास का हाल जाना। इस दौरान रमेश विश्वास ने हमले की पूरी कहानी पीएम मोदी को बताई। इससे पहले पीएम मोदी ने विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली।

## इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ा तनाव उड़ानें प्रभावित, दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी



**दिल्ली।** शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने ईरान की राजधानी पर हमला किया। हमले के कारण कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। इस्राइल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला कर दिया है। इस्राइली हमले के बाद ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। इसके चलते कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

भारत की तरफ से जाने वाली कई उड़ानों को वापस बुलाया गया। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के संचालन पर फिलहाल कोई असर नहीं है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्राएं जारी हैं। हालांकि, इस्राइली हमले के चलते कुछ उड़ाने प्रभावित जरूर हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली एयरपोर्ट पर परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। हालांकि, ईरान, इराक और पड़ोसी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों के कारण कुछ उड़ानों का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है।

दिल्ली हवाई अड्डे ने पोस्ट में लिखा, यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी उड़ानों के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें। हम सभी यात्रियों से अपील करते हैं कि सिर्फ आधिकारिक सूत्रों पर ही भरोसा करें ताकि सही और लेटेस्ट जानकारी मिल सके।

## पठानकोट में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

### नंगलपुर इलाके में उतरा, ग्रामीणों की भीड़ जुटी



**पंजाब।** पंजाब के सीमावर्ती जिले पठानकोट में भारतीय वायुसेना के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। पठानकोट के नंगलभूर-मीरथल क्षेत्र के अधीन आते गांव अनेड़ में सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई है। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई है। आपात लैंडिंग के पीछे की अभी तक वजह तकनीकी फाल्ट बताई जा रही है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही आर्मी और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को घेर लिया। हादसे में फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### तकनीकी फाल्ट के कारण हुई लैंडिंग

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह एयरबेस स्टेशन पठानकोट से अपाचे हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। कुछ ही देर बाद तकनीकी फाल्ट के कारण इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। यह भी सामने आया है कि इस हेलीकॉप्टर से सर्च की जा रही थी। सेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं और क्या तकनीकी फाल्ट रहा, इसका पता लगाया जा रहा है।

### एक हफ्ते में दूसरा हादसा

इससे पहले सहारनपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई थी। एक हफ्ते के अंदर अपाचे की यह दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर पठानकोट से ही उड़ा था। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही गांव में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

### 18 देश करते हैं इस्तेमाल

आपको बता दें कि अपाचे हेलीकॉप्टर को वहीं बोइंग कंपनी बनाती है, जिसका प्लेन वीरवार को अहमदाबाद में क्रैश हो गया था। अपाचे हेलीकॉप्टर ने 30 सितंबर 1975 को पहली बार उड़ान भरी थी। साल 1986 में इसे अमेरिकी सेना में शामिल किया गया। इसके बाद अन्य देशों ने इसे खरीदा। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल अमेरिका, भारत, इजराइल, नीदरलैंड्स, और ऑस्ट्रेलिया समेत 18 देश करते हैं।

## बिहार को मिल रही एक और वंदे भारत ट्रेन, पीएम मोदी 7 दिन बाद दिखाएंगे हरी झंडी



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर-चंपारण रूट से पटना तक के लिए 20 जून से वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। इसके साथ ही वैशाली-देवरिया 29 किलोमीटर की नई रेल लाइन पर ट्रेन सेवा शुरू होने के अलावा लोकोमोटिव फैक्ट्री, मढ़ौरा, सारण से गिनी गणराज्य के लिए पहले लोकोमोटिव का निर्यात होगा।

पटना में होने वाले कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। ये सारी अलग-अलग योजनाएं 400-400 करोड़ की हैं। गोरखपुर से मुजफ्फरपुर, पटना की राह होगा आसान वंदे भारत ट्रेन के चलने से गोरखपुर से मुजफ्फरपुर, पटना की राह आसान होगा। इस ट्रेन का नंबर भी जारी कर दिया गया है। बताया जाता है कि 22549/22550 नंबर की आठ कोच वाली गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ-प्रयागराज वंदे भारत आठ जून से 16 कोच की रेक से चलने लगी है। ऐसे में आठ कोच वाली रेक खाली हो गई है। यह आठ कोच वाली रेक ही वंदे भारत के रूप में गोरखपुर से पटना के बीच चलाई जाएगी। रेलवे प्रशासन ने आठ कोच वाली रेक खाली होने के बाद मरम्मत, धुलाई और सफाई शुरू कर दी है। वंदे भारत ट्रेन गोरखपुर से सुबह छह बजे खुलेगी और रात को साढ़े नौ बजे तक वापस आ जाएगी।

सादपुरा के लिए 1.39 एकड़ भूमि का अधिग्रहण मुजफ्फरपुर-नारायणपुर रेलखंड स्थित सादपुरा रेल फाटक पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव विकास प्रबंधन संस्थान द्वारा दिया गया है। संस्थान के डा. गौरव मिश्रा ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट सौंपी है।

विकास प्रबंधन संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार सादपुरा रेल लेवल क्रासिंग संख्या-100 स्पेशल (रेलवे किमी 83/26-28) के स्थान पर रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण के लिए 1.3901 एकड़ भूमि का अधिग्रहण होगा।

इसको लेकर सामाजिक प्रभाव के अध्ययन की रिपोर्ट जारी की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य विस्थापित होने वाले लोगों और स्थानीय समुदाय पर पड़ने वाले प्रभावों का उचित मूल्यांकन करना है।

इस अध्ययन के निष्कर्ष भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

यह भी सुनिश्चित करेगी कि विकास परियोजनाओं के कारण किसी को अनुचित नुकसान न हो और प्रभावित को उचित मुआवजा और पुनर्वास मिल सके।

### 85 करोड़ रुपये से दुरुस्त होंगे पुल और पुलिया

पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेलमंडल से वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन चलने की योजना के मद्देनजर रेल पटरियों से लेकर पुल-पुलियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। इसको लेकर मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड पर कपरपुरा से सुगौली तक पुल, पुलिया दुरुस्त करने, मिट्टी भराई, नई रेल लाइन बिछाने, यार्ड आदि पर 85.66 करोड़ से अधिक खर्च करने की योजना बनाई गई है। इसका टेंडर भी जारी कर दिया गया है। टेंडर के पहले फेज में कपरपुरा से जीवधारा खंड को लिया गया है। वहां तक रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत करने के बाद आगे फिर से टेंडर निकाल काम बढ़ाया जाएगा। इससे यात्री एवं माल ढुलाई दोनों की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। इस परियोजना में रिटेनिंग वाल का भी निर्माण कराया जाना है, जो मिट्टी के कटाव को रोकने के साथ ट्रैक को मजबूत रखेगा। प्लेटफार्म गेट व लाज का निर्माण भी किया जाएगा।

## युवक ने युवती को धमकाया, बोला- तेजाब से जला दूंगा चेहरा, अगर मेरी दोस्त न बनी तुम, जांच शुरू



**कानपुर।** बर्रा में रिश्तेदार युवक के द्वारा युवती को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने कहा कि फोटो वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

तुम सिर्फ मेरी हो, मुझसे बात नहीं करोगी तो तेजाब से तुम्हारा चेहरा जला दूंगा। तुम्हारी जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। भलाई चाहती हो तो मुझसे दोस्ती कर लो। वरना कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोडूंगा। कुछ इसी अंदाज में बर्रा निवासी युवती को एक रिश्तेदार युवक ने धमकाया है। दहशतजदा युवती ने बर्रा थाने में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

युवती के अनुसार उनका रिश्तेदार आरुष श्रीवास्तव है। जोकि पिछले कई माह से उन पर बात करने और दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। उन्हें ब्लैकमेल कर रहा है कि यदि उसकी बात न मानी तो वह उनकी फोटो को एडिट कर अश्लील बनाने के बाद उसे सोशलमीडिया पर वायरल कर देगा। उन्हें और परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप लगाया कि आरुष नए नए नामों से आईडी बनाकर इंस्टाग्राम पर चलाता है।

### युवक की मां ने लिखित माफी मांगी थी

आरोपी ने उनके और उनके भाई के नामों की भी फर्जी आई बनाई हैं। जिनसे वह धमकी देता है। युवती ने बताया कि उसकी हरकतों से परेशान होकर उसने गंगा मेला वाले दिन थाने में शिकायत की थी। इसके बाद युवक की मां ने लिखित माफी मांगी थी। हालांकि वह फिर से धमका रहा है। बर्रा इंस्पेक्टर नीरज ओझा ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है। जल्द ही युवक की गिरफ्तारी की जाएगी।

## मां ने बेच दी तीन लाख में 15 साल की बेटी 500-500 के नोट गिनते कैमरे में कैद



**पटियाला।** पंजाब के पटियाला स्थित नाभा ब्लॉक के गांव छन्ना नत्थूवाला में मां व नानी की ओर से पैसों के लालच में 15 साल की नाबालिग बच्ची को तीन लाख रुपये में राजस्थान में बेचने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी मां 500-500 रुपये के नोट गिन रही है। आरोपियों की ओर से बच्ची को बेचने के बाद उसकी राजस्थान के एक व्यक्ति से शादी भी करवा दी गई, जिसके फोटो सामने आए हैं। अब थाना भादसों पुलिस बच्ची की दादी की शिकायत पर मामले में आरोपी मां, नानी समेत छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। राजस्थान से छुड़ाई गई नाबालिग नाभा की डीएसपी मनदीप कौर ने बताया कि नाबालिग लड़की को राजस्थान से छुड़ा लिया गया है और मामले में केस दर्ज करके बच्ची की मां किरनजीत कौर और उसकी नानी गुरमीत कौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। बाकी आरोपियों में जसविंदर कौर उर्फ जश्न, कुलविंदर सिंह, अजैब सिंह सभी निवासी छन्ना नत्थूवाला व एक अज्ञात शामिल हैं।

पीड़िता की उम्र महज 15 साल पीड़ित 15 साल की बच्ची की दादी चरनजीत कौर की ओर से पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक उसके छोटे बेटे बलजीत कौर की शादी करीब 16 साल पहले आरोपी किरनजीत कौर के साथ हुई थी। इस शादी से दोनों के तीन बच्चे हैं, जिनमें से 15 साल की पीड़िता भी है।

## सूरज की तेज किरणों ने बढ़ाई मुश्किलें, गर्मी से बेहाल लोग




### इन शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा

शुक्रवार को झांसी, बांदा, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी आदि शहरों में पारा 40 डिग्री के पार रहा। यहां तपिश के साथ उमस और गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बेहाल रहे। शनिवार को पूर्वी-दक्षिणी यूपी और तराई के 35 जिलों में गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 15 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है। इसके बाद 16 जून से पश्चिम व पूरब दोनों संभागों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं।

### इन जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना

चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से लोगों का दम फूल रहा है। दो दिन बाद प्री-मानसून की फुहारें पड़ने की संभावना है। पश्चिमी यूपी व बुंदेलखंड के 19 जिलों में भीषण गर्मी के साथ लू जैसे हालात रहेंगे। उत्तर प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप बरकरार है।

बीते कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी से लोगों का दम फूलने लगा है। सड़कें भट्ठी की तरह तप रही हैं। विशेष तौर पर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के कई जिले लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग के मुताबिक फिलहाल 15 जून तक इन इलाकों में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है।

### इन जिलों में रहेंगे लू जैसे हालात

मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, कानपुर देहात, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी व आसपास के इलाकों में लू जैसे हालात रहेंगे।

वहीं रविवार से प्रदेश के पूर्वी हिस्से से प्री-मानसून आने से बूंदाबांदी की शुरूआत के आसार हैं। 16 जून से पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में बूंदाबांदी के संकेत हैं। शनिवार के लिए मौसम विभाग ने बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, झांसी, जालौन, अलीगढ़, मथुरा समेत 19 जिलों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इन इलाकों में दिन में उमस भरी गर्मी और लू जैसी परिस्थितियों के साथ रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी। हालांकि इस दौरान पूर्वी यूपी के कुछ जिलों बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज आदि में गरज चमक के साथ बूंदाबांदी का पूर्वानुमान है।



## जयपुर में एक करोड़ की चोरी में शामिल इनामी बदमाश गिरफ्तार

### पुलिस ने रखा था 10 हजार रुपये का इनाम




**नई दिल्ली।** संजय ने अपने साथी मोहम्मद जावेद उर्फ गंजू के साथ मिलकर जयपुर के जवाहर नगर में एक मकान से एक करोड़ से अधिक कीमत के सोने-हीरे के जेवरात के अलावा कैश और विदेशी मुद्रा चोरी कर ली थी।

जयपुर में एक करोड़ से अधिक की चोरी के मामले में पिछले तीन सालों से फरार एक इनामी बदमाश को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संगम विहार, दिल्ली निवासी संजय पहाड़िया (40) के रूप में हुई है। संजय के खिलाफ दिल्ली, यूपी, राजस्थान समेत दूसरे राज्यों में 70 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। संजय ने अपने साथी मोहम्मद जावेद उर्फ गंजू के साथ मिलकर जयपुर के जवाहर नगर में एक मकान से एक करोड़ से अधिक कीमत के सोने-हीरे के जेवरात के अलावा कैश और विदेशी मुद्रा चोरी कर ली थी। वारदात के बाद से लगातार वह पुलिस को चकमा दे रहा था।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि पिछले काफी समय से पुलिस भगोड़े बदमाशों की तलाश में जुटी थी। टीम को सूचना मिली कि जयपुर में हुई चोरी की वारदात में शामिल बदमाश दिल्ली में छिपा है। छानबीन के बाद टीम ने 10 जून को आरोपी संजय को संगम विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया। संजय ने बताया कि उसने आठ मार्च 2022 को जयपुर के जवाहर नगर के एक मकान में चोरी की थी। वारदात में संजय ने अपनी कार का इस्तेमाल किया था। वारदात के बाद आरोपी ने अपनी कार को बेच दिया।

जयपुर पुलिस ने संजय की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये इनाम भी रखा था। आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2004 से अपराध की दुनिया में है। वह जावेद व अन्य के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। जावेद व संजय दोनों रोहित चौधरी नामक गिरोह के लिए काम करते हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


## विधायक संजीव शर्मा ने विद्युत कटौती से जूझ रही जनता के लिए एक दिन में लगवा डाले 35 ट्रांसफार्मर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और ऐसे में विद्युत कटौती ने जनता का बुरा हाल कर रखा है। कई इलाकों में लगातार बिजली गुल है और लोग परेशान हैं। वहीं बिजली विभाग के सामने अलग चुनौती है, क्योंकि अब छोटे गली मोहल्लों में भी बिजली का लोड ज्यादा बढ़ रहा है, खपत बढ़ रही है और ऐसे में जब लाइन पर लोड पड़ता है तो विद्युत उपकरणों को फुंकने से बचाने के लिये लाइन कट लेना पड़ता है। कई स्थानों पर लोड बढ़ने के कारण फाल्ट भी हो जाते हैं। पावर कट से लोग परेशान हैं, जनता में नाराजगी है। वो बिजली विभाग के अफसरों के यहां जा रहे हैं। अगर वहीं सुनवाई नहीं होती है तो वो जनप्रतिनिधियों के यहां भी जा रहे हैं। संजीव शर्मा शहर विधायक हैं और उनके यहां लोग पहुंचे। संजीव शर्मा के पास जब विद्युत कटौती से परेशान लोगों की पीड़ा का मामला आया तो उन्हें तुरंत बिजली विभाग के अफसरों को फोन मिलाया। पता चला कि विद्युत विभाग के अफसर जनता के फोन नहीं उठा रहे है। बताते हैं कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने विद्युत विभाग के बड़े अधिकारियों को भी फोन मिलाये और वो स्वयं बिजली विभाग पहुंचे और उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की और इनमें चीफ इंजीनियर से लेकर एसडीओ तक शामिल रहे। शहर विधायक जनता की परेशानी को लेकर परेशान थे और जब उन्होंने यहां विद्युत विभाग में डेरा डाला तो कई गली मोहल्लों में लाइट आ गई। बताते हैं कि शहर विधायक संजीव शर्मा ने ऊर्जा मंत्री से भी बात की और इसके बाद कहां-कहां ट्रांसफार्मर खराब है और कहां-कहां ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं इसको लेकर एक लिस्ट तैयार हुई और फिर एक नहीं दो नहीं बल्कि 35 ट्रांसफार्मर पास हो गए।

### विधायक संजीव शर्मा पहुंचे बहरामपुर स्थित पावर हाउस



**करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा के पास जब लोग पहुंचे और उन्होंने बिजली कटौती को लेकर अपनी पीड़ा बताइ तो विधायक संजीव शर्मा ने बिजली अधिकारियों से बात की और शुक्रवार को वो बहरामपुर में स्थित पावर हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों से बात की और कहा कि बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से दी जाए। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि क्षेत्रीय जनता को कोई परेशानी ना हो। इस दौरान अधिशासी अभियंता इमरान, उपखण्ड अधिकारी मनीष कुमार, सब स्टेशन ऑपरेशन विकास कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### जनता के विधायक के रूप में छवि निर्मित की है संजीव शर्मा ने

**करंट क्राइम।** संजीव शर्मा लोकप्रिय विधायक हैं और विधायक बनने के बाद उनका हर संभव प्रयास जन समस्याओं के समाधान की ओर रहता है। वो महानगर अध्यक्ष रहते हुए भी कार्यकताओं के लिये हमेशा उपलब्ध रहे और जनसमस्याओं को लेकर भी वो हमेशा एक्टिव रहे। विधायक बनने के बाद उन्होंने खुद को जनता के विधायक के रूप में प्रस्तुत किया है। जनछवि ये है कि जनता संजीव शर्मा को अपना विधायक मानकर चलती है, अपनी पीड़ा उन्हें बताती है। ये संजीव शर्मा का व्यवहार है, छवि है, सुबह सवेरे ही उनके घर पर अपनी-अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की एक भीड़ लग जाती है। वो कभी किसी को निराश नहीं करते, हमेशा समाधान का प्रयास रहता है। जनता जब उनके पास पहुंचेती है तो संजीव शर्मा जेब से फोन निकालकर अधिकारियों को फोन मिलाने में देर नहीं लगाते। वो जनता की आवाज बनते हैं। ये एक वजह है उनके घर से लेकर ऑप्यूलेंट के सामने बने उनके ऑफिस में हमेशा लोगों की भीड़ मिलती है। एक जनता दरबार उनके यहां हमेशा मिलता है। जनता उन्हें अपना विधायक मानती है और संजीव शर्मा भी जनलोकप्रिय नायक वाली छवि के साथ काम कर रहे हैं।

## पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने हाउस टैक्स बढ़ाए जाने का किया विरोध

### कहा जनता ने दिया है वोट, जनता पर ना लाधे इतने करों का बोझ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने हाउस टैक्स की दरें बढ़ाए जाने का विरोध किया है। पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स की दरों में कई गुणा की बढ़ोत्तरी कर गाजियाबाद की जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह से जनता पर करों की दोहरी मार भविष्य के लिये कहीं से भी अच्छा संकेत नहीं कही जा सकती। पूर्व एमएलसी राकेश यादव ने कहा कि गाजियाबाद में जनप्रतिनिधि, सरकार के नुमाइंदे हैं और ऐसे में उनका ये कर्त्तव्य बनता है कि वो जनता की आवाज प्रमुखता से उठाएं। प्रत्येक जनप्रतिनिधि की जवाबदेही जनता की होती है और जनप्रतिनिधियों का ये कर्त्तव्य है कि वो जनता के साथ खड़े हो। उन्हें जनता की आवाज प्रमुखता से उठानी चाहिए। राकेश यादव ने कहा कि मैं समझता हूं कि मेयर सुनीता दयाल गाजियाबाद की प्रथम नागरिक भी हैं और उन्हें भी जनता ने चुना है। ऐसे में जनप्रतिनिधि होने के नाते यह उनका नैतिक कर्त्तव्य है कि वह गाजियाबाद की जनता के हितों का ध्यान रखें। वह गाजियाबाद की जनता के प्रति जवाबदेह हैं। यही जनता वोट देती है और अगर, यही जनता जनप्रतिनिधियों के रवैये से परेशान होगी, सरकार के अफसरों के फैसलों से परेशान होगी और उस पर करों की मार पड़ेगी तो फिर ये उबाल कहीं ना कहीं तो निकलेगा। जनप्रतिनिधियों का ये पहला कर्त्तव्य है कि वो जनता के हित में सोचें। निगम के अधिकारी निगम की आय बढ़ाने के लिये जनता को केवल टैक्स देने का माध्यम ना समझें। नगर निगम में जितने भी पार्षद हैं, मेयर हैं वो सब जनता के द्वारा ही वहां भेजे गए हैं और अगर, वो भी जनता की आवाज नहीं उठाएंगे तो कौन उठाएगा।

टैक्स कम किया जाना चाहिए, जनता पर कई गुणा करों का बोझ लादना कहीं से कहीं तक ठीक नहीं है। जनता पहले ही महंगाई से त्रस्त है और ऐसे में उसी जनता पर हाउस टैक्स का बोझ कई गुणा लाद देना नैतिक रूप से सही नहीं है। अगर, नगर निगम का बजट कम है तो इसके लिये सरकार से फंड मांगा जा सकता है, लेकिन ये कहां की तानाशाही है कि जनता को ही करों के बोझ के नीचे दबा दिया जाये। यह समय जनता को राहत देने का है और सरकार के नुमाइंदे, सरकार के जनप्रतिनिधि इस बात को याद रखें कि जनता समय पर जवाब देना भी जानती है और स्वयं भाजपा के ही एक पूर्व सीनियर पार्षद तो कह भी चुके हैं कि जनता माफ नहीं करेगी। लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी ताकत होती है। जनता पर अत्याचार नहीं होना चाहिए, करों का बोझ लादकर नगर निगम नहीं चलाया जा सकता।

## सपा मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्पष्ट

### वो हैं मैन बॉडी के अध्यक्ष और दे सकते हैं मोर्चा के जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस

समाजवादी पार्टी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल हैं। उन्होंने 11 जून को लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष असलम कुरैशी को कारण बताओ नोटिस दिया था। आकाश अग्रवाल ने अपने नोटिस में असलम कुरैशी से इस बात के लिये जवाब मांगा था कि आप पार्टी की जरूरी मीटिंग में नहीं आए। आप जैसे लोगों को छह साल के लिये निष्कासित कर दिया जाना और उन्होंने लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए यह कहा था कि अगर तीन दिन के अंदर उन्होंने स्पष्टीकरण नहीं दिया तो मैं उन्हें छह साल के लिये निष्कासित कराने का अनुमोदन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के पास स्वयं जाकर भेजूंगा। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर के बाद इस पर सपा मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल का जवाब आया, उन्होंने कहा कि वह लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष नहीं है। वह समाजवादी पार्टी के मैन बॉडी के मुरादनगर विधासभा क्षेत्र के अध्यक्ष है। आकाश अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि मैन कमेटी के विधानसभा अध्यक्ष को यह पावर दी गई है कि वो मोर्चा, प्रकोष्ठ, वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में मैन बॉडी के विधानसभा अध्यक्ष अपनी विधानसभा क्षेत्र के मोर्चा प्रकोष्ठ वाहिनी के अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस भी भेज सकते हैं, वो फ्रंटल संगठन के विधानसभा अध्यक्ष से जवाब भी मांग सकते हैं। गौरतलब है कि आकाश अग्रवाल ने 11 जून को असलम कुरैशी को नोटिस भेजा था और उसी के बाद से सपा में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सहकारिता क्रय-विक्रय समिति ने किया गेहूं खरीद में जिला टॉप

## चेयरमैन के रूप में विरेंद्र सारस्वत ने छोड़ी सफल कार्यकाल की छाप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय-विक्रय समिति ने गेहूं खरीद में जिला टॉप किया है। ये एक बड़ा रिकॉर्ड बना है। गेहूं खरीद के मामले में जहां सहकारिता क्रय-विक्रय समिति प्रथम आई है वहीं नवीन मंडी गोविंदपुरम दूसरे स्थान पर है। सहकारिता क्रय-विक्रय समिति ने एक रिकॉर्ड और ये कायम किया है और वो ये है कि गेहूं बेचने वाले किसानों को शत-प्रतिशत का भुगतान हुआ है। 15 जून तक समिति को आठ हजार टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया था। जिसके सापेक्ष में 1064 टन से ज्यादा गेहूं की खरीद हो चुकी है। यह 13 केंद्रों पर हुई है और सहकारिता क्रय-विक्रय समिति प्रथम स्थान पर रही है। दूसरे स्थान पर नवीन मंडी गोविंदपुरम है। गेहूं बेचने वाले किसानों को शत प्रतिशत यानी 2.61 करोड़ का भुगतान किया गया है। गेहूं समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत गाजियाबाद जनपद के रजापुर ब्लॉक में सदर तहसील के अंतर्गत यह बिक्री हुई है।



### गेहूं खरीद से लेकर जैविक खाद की बिक्री से किसानों को लाभः विकास शर्मा



**करंट क्राइम।** सहकारिता क्रय-विक्रय समिति केंद्र प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि गेहूं की खरीद हो चुकी है और चूंकि बाजार भाव महंगा है इसलिये अब केंद्र पर गेहूं नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को प्रत्येक प्रकार से सहूलियत, सुविधा दे रहे हैं। पांच बीघे का कास्तकार कभी भी अपना आधार कार्ड लेकर आ सकते हैं। गेहूं खरीद के अलावा यूरिया, डीएपी उपलब्ध है। सुबह नौसे शाम को छह बजे तक केंद्र खुला रहता है। इसके अलावा नैनो डीएपी, लिक्विड यूरिया और जैविक खाद उपलब्ध है। अन्य उत्पादन में जिंक और सागरिका उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जैविक खाद का मूल्य चार किलो के पैकेट का दाम 600 रूपए रखा गया है।

### हमारा हर संभव प्रयास, किसान का हो उत्थानः विरेंद्र सारस्वत



**करंट क्राइम।** सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन विरेंद्र सारस्वत ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कई सुधार किये हैं। उन्होंने 26 अक्टूबर 2023 को सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण किया था और उसके बाद से यहां लगातार तरक्की हुई है। वर्ष 2023 में गेहूं खरीद 250 कुंतल हुई थी। 2024 में इसमें आश्चर्यजनक रूप से उछाल आया और गेहूं बिक्री का आंकड़ा 1800 कुंतल तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में यह आंकड़ा 2052 तक पहुंच चुका है। विरेंद्र सारस्वत ने बताया कि हमारा प्रयास लगातार गेहूं खरीद बढ़ाने और किसान को हर संभव सहायता देने का है। सरकार किसानों के लिये किफायती रेट पर यूरिया, जिंग, लिक्विड यूरिया और जैविक खाद उपलब्ध करा रही है। किसान को उसकी फसल से संबंधित खाद लेने में कोई परेशानी ना हो, हमने इसका विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने बताया कि किसान अपना गेहूं क्रय-विक्रय समिति को देते हैं और सहकारिता क्रय-विक्रय समिति इस गेहूं की खरीद पर उसे एफसीआई को भेजती है। उन्होंने कहा कि अबकी बार जिले में सबसे ज्यादा खरीद का रिकॉर्ड बना है। यह सब समिति के सभी सदस्यों और किसानों के आपसी समन्वय से संभव हो पाया है। इसके लिये मैं समस्त समिति का आभार व्यक्त करता हूं और उम्मीद करता हूं कि आगे भी किसानों के उत्थान के लिये समिति काम करेगी। उन्होंने बताया कि खरीद का समय 15 मार्च से 15 जून तक रखा जाता है और इस बार खरीद का प्रति कुंतल रेट 2425 रुपए रखा गया है। सहकारिता क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन विरेंद्र सारस्व ने कहा कि मैंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले कार्यालय के जिर्णोद्धार का कार्य कराया, जिसमें ऑफिस के रंग-रोगन, फर्नीचर से लेकर कर्मचारियों के लिये कई कार्य कराये हैं।

## नाहल गांव पहुंचा सांसद चंद्रशेखर आजाद, उठाई सीबीआई जांच की मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांस्टेबल सौरभ की हत्या के बाद नाहल गांव में लगातार पुलिस दबिश से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। शुक्रवार को नगीना से सांसद और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद गांव पहुंचे और उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। गांव में मौजूद लोगों से बातचीत के दौरान सांसद ने साफ कहा कि अगर पूरे गांव को ही अपराधी मान लिया गया है तो सबको जेल भेज दो, लेकिन निदोर्षों को डराना-धमकाना बंद करो। मीडिया से बातचीत में चंद्रशेखर ने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तुरंत सार्वजनिक की जानी चाहिए ताकि सच सबके सामने आ सके। उनका कहना है कि पुलिस की मौजूदा कार्रवाई से पूरे गांव में डर और बेचैनी का माहौल है। बता दें कि 25 मई की रात नोएडा पुलिस एक आरोपी कादिर को पकड़ने के लिए मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव पहुंची थी। लेकिन पुलिस की दबिश के दौरान हालात बेकाबू हो गए। स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस टीम पर अचानक पथराव और फायरिंग शुरू हो गई। इस हमले में कांस्टेबल सौरभ के सिर में गोली लग गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य कांस्टेबल सोनित भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद से नोएडा और गाजियाबाद पुलिस मिलकर सख्त कार्रवाई कर रही है।

## विमान दुर्घटना पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने जताया संदेह

### कहा पता नहीं क्यों मुझे बार-बार लग रहा है, सुरक्षा में कोई सेंध लग गई हैं



> दुर्घटना के कारणों का पता तो जांच के बाद ही चलेगा लेकिन ऐसी त्रासदी मानव जीवन की अनिश्चितता को एक पीड़ादायक स्वरूप में प्रस्तुत करती है। जीवन की क्षणभंगुरता तो हमारे आध्यात्मिक दर्शन में अटल सत्य के रूप में अंकित है लेकिन इस वीभत्स रूप में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों के जीवन का समाप्त हो जाना सभी को पीड़ा देने वाला है।

> समय के साथ पीड़ित परिवारों के आंसू भी सुख जाएंगे लेकिन ये विमान दुर्घटना हमें स्मरण कराती रहेगी कि मानव सर्वज्ञ नहीं है। मानवीय भूल सदैव संभव है। विमान के निर्माण में त्रुटि हो या, उड़ान से पहले जांच में भूल हो या कोई अन्य तकनीकी त्रुटि सभी संभावनाओं के द्वार खुले रखकर ही सच्चाई तक पहुंचा जा सकता है।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अहमदाबाद में कल हुआ विमान हादसा सच में हृदय विदारक घटना है। 244 यात्री और विमानन सेवा के कर्मी उसमें सवार थे। एक को छोड़कर सभी के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी भी थे। दुर्घटना के कारणों का पता तो जांच के बाद ही चलेगा लेकिन ऐसी त्रासदी मानव जीवन की अनिश्चितता को एक पीड़ादायक स्वरूप में प्रस्तुत करती है। जीवन की क्षणभंगुरता तो हमारे आध्यात्मिक दर्शन में अटल सत्य के रूप में अंकित है लेकिन इस वीभत्स रूप में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों के जीवन का समाप्त हो जाना सभी को पीड़ा देने वाला है। जो विमान में लंदन जा रहे थे, विमान के दुर्घटना ग्रस्त होने से उनकी मृत्यु पर तो एक बार सोचा जा सकता है लेकिन हवाई अड्डे से लगभग 2 किलोमीटर दूर मेडिकल कालेज के मेस में हंसी खुशी भोजन कर रहे छात्रों और मेडिकल कालेज के स्टाफ में से भी 50-60 की मृत्यु ईश्वरीय व्यवस्था के न्याय संगत होने पर प्रश्न खड़ा करती है।

समय के साथ पीड़ित परिवारों के आंसू भी सुख जाएंगे लेकिन ये विमान दुर्घटना हमें स्मरण कराती रहेगी कि मानव सर्वज्ञ नहीं है। मानवीय भूल सदैव संभव है। विमान के निर्माण में त्रुटि हो या, उड़ान से पहले जांच में भूल हो या कोई अन्य तकनीकी त्रुटि सभी संभावनाओं के द्वार खुले रखकर ही सच्चाई तक पहुंचा जा सकता है। पता नहीं क्यों मुझे बार बार लगता है कि कहीं कोई सुरक्षा में तो कोई सेंध नहीं लग गई है। कारण जो भी हों, इस वीभत्स दुर्घटना का दर्द बहुत लंबे समय तक सालता रहेगा।

### अहमदाबाद का हादसा कभी नहीं भुलाया जा सकता : अजीत पाल त्यागी



**करंट क्राइम :** मुरादनगर सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी ने अहमदाबाद में हुए हादसे को लेकर शोक संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह सभी को हैरान, परेशान और दुख पहुंचाने वाला हादसा है। उन्होंने इस हादसे में मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि ऐसा दृश्य फिर कभी भारत को नहीं देखना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि इस पूरे हादसे की जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर भी गहरा शोक जाहिर किया है।

### अहमदाबाद की घटना बेहद दुखद : सुरेंद्र कुमार मुन्नी



**करंट क्राइम :** पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने अहमदाबाद में हुई प्लेन क्रैश की दुर्घटना पर दुख प्रकट करते हुए मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। साथ ही पूर्व विधायक ने कहा है कि इस हादसे ने पूरे देश ही नहीं बल्कि दुनिया को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि जीवन कितना छोटा होता है और जीवन में अगले पल क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने इस हादसे में सभी मृतकों के प्रति शोक संवेदना भी प्रकट की है।

## संपादकीय

# जांच बताएगी सच

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे की असल वजह क्या रही, यह जांच का विषय है। इसमें कई दिन और महीने तक लग सकते हैं। अभी राहत और बचाव पर फोकस है। घायलों को सर्वश्रेष्ठ इलाज मिले और मरने वालों की जल्द से जल्द पहचान की जाए।
सबसे भयावह हादसे का शिकार हुए बोइंग 787 में 242 यात्री सवार थे। यह इस सदी का सबसे भयावह भारतीय विमान हादसा है। मई 2010 में मंगलुरू में एयर इंडिया की एक्सप्रेस फ्लाइट 812 क्रैश हुई थी, जिसमें 158 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इसके बाद 2020 के कोझिकोड क्रैश को अपवाद माना जाए, तो पिछले लगभग डेढ़ दशक इंडियन एविएशन इंडस्ट्री के लिए शानदार गुजरे।
ड्रीमलाइनर पर सवाल अहमदाबाद हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग का ड्रीमलाइनर था। कंपनी ने इस सीरीज का पहला विमान 2011 में जापान की एयरवेज को दिया था और फिलहाल दुनियाभर में 1100 से अधिक ड्रीमलाइनर उड़ान भर रहे हैं। इस विमान के साथ हुई यह पहली बड़ी दुर्घटना है, लेकिन यह भी सच है कि बोइंग ड्रीमलाइनर को लेकर कुछ सवाल उठाए जाते रहे हैं। कंपनी के एक इंजीनियर ने अमेरिका में सरकारी जांच के दौरान एक टेक्निकल फॉल्ट की ओर ध्यान दिलाया था। तब कंपनी ने आरोपों को खारिज कर दिया था।
साख पर आंच इस हादसे और इससे पहले के गुणवत्ता से जुड़े विवाद की वजह से बोइंग की छवि पर जरूर आंच आएगी। इसका एक असर तो तुरंत ही कंपनी के शेयरों में गिरावट के रूप में दिख गया। लेकिन, इससे लंबे वक्त में बोइंग की साख को भी धक्का लगा है। इस महीने की शुरूआत में ही रिपोर्ट्स आई थीं कि एयर इंडिया अपने बेड़े को बढ़ाने के लिए एयरबस और बोइंग के साथ 200 विमानों की डील कर सकती है। इससे पहले, 2023 में एयर इंडिया ने रेकॉर्ड 470 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया था।
ताकि भरोसा बना रहे भारत दुनिया का चौथा बड़ा एविएशन मार्केट है। केंद्र की वऊअठ योजना के तहत छोटे शहरों को भी हवाई मार्ग से जोड़ा जा रहा है। पिछले एक दशक में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो चुकी है और डोमेस्टिक एयर ट्रैवल में इस साल अप्रैल में 10.2% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई थी। पिछले साल ही, 17 नवंबर को देश के विमानन क्षेत्र ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब एक दिन में पांच लाख से ज्यादा घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी। सरकार और एविएशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को ख्याल रखना होगा कि इस हादसे की वजह से लोगों का भरोसा कम न हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत में पहली मोशन पिक्चर 'द रेसलर्स' थी साल 1899 में एक चित्रकार फोटोग्राफर ने हरिश्चंद्र सखाराम भट्टावडेकर कहा था।
- आमिर खान की फिल्म 'लगान' में बॉलीवुड सिनेमा के इतिहास में एक भी फिल्म में कभी भी इतने ज्यादा ब्रिटिश अभिनेताओं द्वारा भूमिका नहीं निभाई गई थी।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि, जब धर्मेंद्र पहली बार फिल्म उद्योग में शामिल हुए थे, तो उनका वेतन केवल 51 रुपये का मामूली योग था।
- क्या आप जानते हैं? साल 1936 में अभिनेता बनने से पहले अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज में एक प्रयोगशाला सहायक थे।
- वहीदा रहमान ने अमिताभ बच्चन की मां और प्रेमी दोनों का किरदार निभाया है। उन्होंने प्रेमिका का किरदार फिल्म 'अदालत' (1976) और मां का किरदार फिल्म 'त्रिशूल' (1978) में निभाया था।
- फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर में अनिल कपूर की भूमिका के लिए शाहरुख खान पहली पसंद थे।
- राज ठाकरे साल 2005 में अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म बनाना चाहते थे।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

# ईरान-इस्राइल युद्ध के कारण बढ़ सकते हैं पेट्रोल के दाम, महंगाई होगी बेलगाम!



**नई दिल्ली।** इस्राइल ने ईरान के कई परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया है। इससे पूरी दुनिया के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है और शेयर टूट गए हैं। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर भी इसका असर दिख सकता है।

इस्राइल ने ईरान के कई परमाणु ठिकानों पर हमला कर दिया है। इससे पूरी दुनिया के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है और शेयर टूट गए हैं। निवेशक सुरक्षित निवेश की तलाश में अपना पैसा निकाल रहे हैं। इसका सीधा असर एक बार फिर सोने और डॉलर में तेज निवेश के रूप में सामने आ सकता है, वहीं भारत पर इसके कारण पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो इसका सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ेगा और इसका असर आवश्यक पदार्थों की कीमतों में तेजी के रूप में सामने आ सकता है।

अभी एक ही दिन पहले यह खबर सुनकर आम भारतीय उपभोक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई थी कि महंगाई दर कई वर्षों में सबसे निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई थी। रिजर्व बैंक ने भी महंगाई को नियंत्रण में देखकर रेपो दरों में कमी का ऐलान कर दिया था। इससे रेपो दरें 5.50 प्रतिशत पर आ गई हैं और अनुमान यही लगाया जा रहा है कि बैंक रेपो दरों में कमी का लाभ आम उपोक्ताओं तक पहुंचाएंगे और उनकी घर-कारों पर लिए गए कर्ज की महंगी ईएमआई कुछ कम हो सकेगी। लेकिन इसी बीच अचानक इस्राइल ने ईरान पर हमला कर पूरा मामला नई ओर मोड़ दिया है। ईरान दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है। इस हमले के बाद ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम 8.84 प्रतिशत बढ़कर 75.49 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। ईरान भी इस हमले के बाद चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी हमला कर सकता है। ईरान-इस्राइल के युद्ध में ईरान के तेल कुओं को भी नुकसान होने की संभावना बढ़ सकती है। यदि ऐसा होता है तो क्रूड ऑयल की कीमतों में और अधिक वृद्धि हो सकती है।

### भारत पर कैसे पड़ेगा असर?

भारत करीब 40 देशों से तेल आयात करता है। 2024 में ओपेक देशों ने भारत के कुल तेल आयात का करीब 51.5 प्रतिशत निर्यात किया था। लेकिन विशेष देश के हिसाब से देखें तो सबसे बड़ी हिस्सेदारी रूस की रही। अकेले रूस ने 2024 में भारत के कुल तेल आयात का लगभग 36 प्रतिशत हिस्सा निर्यात किया था। ईरान पर युद्ध के कारण ओपेक के दूसरे देशों से निर्यात मूल्य में बढ़ोतरी हो सकती है। इसका असर भारत पर पड़ सकता है। इससे हमारे यहां तेल मूल्यों पर असर पड़ सकता है

## किसी भी शाखा या वीडियो से अपडेट करा सकेंगे केवाईसी विदेश में पैसा भेजना अब नहीं होगा आसान



**नई दिल्ली।** केवाईसी अपडेट कराने, बंद पड़े खातों को चालू करने या जमा राशि पर दावा करने के लिए बैंक शाखा जाने की जरूरत नहीं है। अब आप अपने बैंक की किसी भी शाखा से या वीडियो के जरिये केवाईसी अपडेट करा सकेंगे। बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट यानी बीसी भी केवाईसी अपडेट कर देगा। यह नियम तुरंत लागू हो गया है। आरबीआई के इस कदम से लंबे समय से निष्क्रिय बैंक खाते को आसानी से चालू करा सकेंगे। अगर कोई जमा राशि है, तो उसका दावा करना भी आसान हो गया है। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी निर्देश में कहा, बैंक मूल शाखा के अलावा भी सभी शाखाओं में निष्क्रिय खातों और दावा नहीं किए गए जमाओं को सक्रिय करने के लिए केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। बैंक वीडियो ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी) से ऐसे खातों व जमाओं में केवाईसी अपडेट की सुविधा देंगे। वी-सीआईपी निदेर्शों का बैंकों को समय समय पर पालन करना होगा।

### ग्रामीण और वरिष्ठ ग्राहकों के लिए वीडियो केवाईसी

आरबीआई ने बैंकों से केवाईसी अपडेट के लिए वीडियो आधारित वी-सीआईपी देने का भी निर्देश दिया है। यह विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, अनिवासी भारतीयों और ग्रामीण ग्राहकों के लिए उपयोगी है, क्योंकि यह यूजर्स को वीडियो कॉल के माध्यम से घर बैठे सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करने में सक्षम बनाती है।

### विदेश में पैसा भेजना अब नहीं होगा आसान, आरबीआई सख्त करेगा नियम

आरबीआई विदेश में पैसे भेजने के नियमों को कड़ा करने की योजना बना रहा है। इसके तहत लॉकइन अवधि के साथ विदेशी मुद्रा जमा रखने पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिए केंद्रीय बैंक नियमों में संशोधन करेगा, ताकि विदेश में पैसा ट्रांसफर को सावधि जमा या अन्य ब्याज वाले खातों में जमा करने से रोका जा सके। सूत्रों ने बताया, नियमों में प्रस्तावित बदलाव विदेश से आने वाले धन में वृद्धि और रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता के संबंध में भारत के सतर्क रुख को दशार्ता है। अधिकारी विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा और मुद्रा की अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए प्रयासरत हैं। मौजूदा नियमों के तहत, भारतीय एक साल में विदेश में 2.50 लाख डॉलर तक भेज सकते हैं। इसमें शिक्षा, विदेश यात्रा, इक्विटी और डेट में निवेश से लेकर इलाज तक शामिल हैं। आरबीआई के अनुसार, फरवरी में कुल 5.16 करोड़ डॉलर की रकम ट्रांसफर हुई थी।

## भारत-ईयू व्यापार समझौते में प्रगति, विदेश नीति पर जयशंकर ने कही यह बात

**नई दिल्ली।** भारत यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को उच्च प्राथमिकता देता है। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यह टिप्पणी की। जर्मन मार्शल फंड (जीएमएफ) फोरम में फाइनेंशियल टाइम्स के ब्रसेल्स ब्यूरो प्रमुख हेनरी फॉय से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मुक्त व्यापार समझौता अच्छी प्रगति पर है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस साल के अंत तक यह समझौता पूरा हो जाएगा। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर जोर डाला। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि रक्षा , गतिशिलता, प्रतिभा प्रभाव और शिक्षा जैसे पहलुओं के लिए लाभदायक है। भारत हर परिस्थितियों से निपटने लिए है तैयार इस उच्चस्तरीय वातार्लाप सत्र में भारत की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

## चुटकुले

चिंटू ने पिंटू को बताई मजेदार बात...
चिंटू- लड़कियों के साथ कितना अच्छा है यार शादी से पहले पापा की परी होती हैं और शादी के बाद घर की लक्ष्मी हो जाती है।
पिंटू- और लड़के?
चिंटू- लड़कों का क्या, शादी से पहले पापा से मार खाते हैं और शादी के बाद बीवी से।

पत्नी- तुम इतनी शराब क्यों पीते हो?
पति- डार्लिंग नशे में तुम कितनी सुंदर लगती हो, मैं तुम्हारी तारीफ करने के लिए ही तो पीता हूं।
पत्नी- तुम भी ना, लाओ एक और पेग बनाती हूं।

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा- बताओ, कांटों भरे रास्ते पर आपका साथ कौन देगा?
पति, पत्नी, भाई, बहन, मां-बाप, प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त?
मिंटू खड़े होकर बोला - सर, चप्पल।
फिर मास्टर जी ने भी चप्पल से की शौंटी की पिटाई।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## एक अरब यात्रियों को ढोने वाले ड्रीमलाइनर विमान का पहला बड़ा हादसा
### 1100 से अधिक जेट सेवा में



**नई दिल्ली।** बोइंग विमान ने 1 अरब यात्रियों को ढोने का रिकॉर्ड हासिल किया, सबसे ज्यादा बिकने वाला विमान बना, दुनिया भर में 425 से अधिक नए नॉन-स्टॉप मार्ग खोले। इनके अलावा बोइंग को चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा। आइए जानते हैं बोइंग विमान के हवाई पट्टी से दुर्घटना तक का सफर। लंबी दूरी की उड़ानों वाले बोइंग के ड्रीमलाइनर विमानों ने पहली बार 14 साल पहले उड़ान भरी थी। अब पूरी दुनिया में ऐसे 1,100 से अधिक विमान सेवा में हैं। ऐसे में, गुरुवार को हुए अहमदाबाद में प्लेन क्रैश के बाद से बोइंग कंपनी सवालों के घेरे में है। लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान टेक ऑफ के तुरंत बाद एयरपोर्ट के पास क्रैश हो गया। इस त्रासदी में विमान में सवार 241 लोगों की जान चली गई। यह पहली बार था कि सबसे ज्यादा बिकने वाले वाइड-बॉडी बोइंग 787 के साथ इतना भयानक हादसा हुआ।

### एअर इंडिया का बोइंग विमान 11.5 साल पुराना

विमानन विश्लेषण फर्म सिरियम के अनुसार, दुर्घटना में शामिल एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान साढ़े 11 वर्ष पुराना था और 41,000 घंटों से अधिक उड़ान भर चुका था। जानकारी के अनुसार दुनियाभर में बोइंग 787 के 1,148 संस्करण सेवा में हैं, जिनकी औसत आयु साढ़े सात वर्ष है।

### एअर इंडिया के बेड़े में है कुल 34 बोइंग विमान

वर्तमान में भारत में एअर इंडिया और इंडिगो दो भारतीय एअरलाइंस हैं जो बोइंग 787-8 विमानों का संचलान करते हैं। एअर इंडिया के बेड़ में कुल 34 बोइंग 787-8 विमान है। इनमें से 27 बोइंग 787-8 पुराने विमान हैं। जुलाई में पहले बोइंग 787-8 को रेट्रोफिट के लिए भेजा जाएगा। ₹रेट्रोफिट₹ विमान के संदर्भ में, इसका मतलब है कि विमान को नए या अपडेट किए गए भागों और उपकरणों से लैस करना। पिछले साल विस्तारा के साथ विलय के बाद बचे सात बी 787-9 एअर इंडिया के बेड़े में शामिल हुए थे।

## 14 06 2025 करंट क्राइम
### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



बिंदु माधवी
अभिनेत्री



युवराज त्यागी



रियांश



रविन्द्र सिंह



गोपाल चौधरी



अंकित शर्मा



कुणाल देव



विनय भार्गव



शाहिर चौधरी



पंकज गौतम



रमन वशिष्ठ



संदीप सिंघल



डीके सोनू



शिवानंद गौर



इस्माईल खान



पंकज मलिक



नवल किशोर



अविराज गुर्जर



मोहित प्रसाद कौशिक



संजय भड़ाना



प्रदीप कुमार



गुरनाम सिंह



सुमित झा



मोहित कौशिक

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# आईपीएल में नहीं मिला कोई खरीदार, अब मेजर लीग क्रिकेट में मचाया धमाल; एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी



**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलेन ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में शानदार पारी खेल कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने 51 गेंदों पर 151 रन बनाए। इस दौरान एलेन ने 296 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वॉशिंगटन के गेंदबाजों के लिए एलेन की पारी किसी बुरे सपने की तरह रही। सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में वॉशिंगटन की टीम 13.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूनिकॉर्न्स ने यह मुकाबला 123 रनों से अपने नाम किया।

एलेन ने टी20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने इस मैच में 19 छक्के लगाए और इस मामले में क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान को पीछे छोड़ दिया। गेल और साहिल ने टी20 के एक पारी में 18 छक्के लगाए हैं। एलेन ने 134 रन सिर्फ बाउंड्री से जुटाए जिसमें से 114 रन तो छक्के के द्वारा आए। सिर्फ तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने बाउंड्री के जरिये टी20 में एलेन से ज्यादा रन बनाए हैं। एलेन इसके साथ ही एमएलसी टूनार्मेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में नाबाद 137 रन बनाए थे।

### एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

अपनी इस तूफानी पारी के दम पर एलेन ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलेन 49 गेंदों पर इस उपलब्धि पर पहुंचे। उन्होंने इस मामले में डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ा जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में 52 गेंदों पर 150 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, एलेन ने 34 गेंदों पर शतक पूरा किया जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज का टी20 में सबसे तेज सैकड़ा है। यह फ्रेंचाइजी आधारित टूनार्मेंट में किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेजी से लगाया गया शतक है। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल हैं जिन्होंने आईपीएल 2013 में 30 गेंदों पर शतक लगाया था।

### आईपीएल नीलामी में रहे थे अनसोल्ड

दिलचस्प बात है कि एलेन को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। एलेन नीलामी में दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ आए थे, लेकिन उन्हें लेने में किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। एलेन भले ही आईपीएल 2025 में नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने एमएलसी में अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

# बैडमिंटन चैंपियनशिप: एकल में मनप्रीत व शुभ ने मारी बाजी

**बरेली।** बरेली में डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से अंकित चतुर्वेदी मेमोरियल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज बृहस्पतिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित स्मार्ट सिटी हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि शिव कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इसका शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अंडर-11 बालक एकल मुकाबले में मनप्रीत ने सूर्यांश शर्मा को 21-13, 21-11 व शुभ सिंघल ने अजमेरा विहान को 21-12, 20-22, 21-14 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-13 बालक एकल में सुनित सिंह मलिक ने ईशान को 26-27, 20-15, 21-8 व देवाशीष ने शिखर सक्सेना को 21-10, 21-18 से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया।

अंडर-15 बालक एकल में कैरव चौधरी ने आनंद कुमार अग्रवाल को 30-24 से, आराध्य कौशिक ने रिदित अग्रवाल को 30-10 से, अग्रिम दीक्षित ने राज शर्मा को 21-16, 21-8 से व यश चंद्रा ने अब्दुर रहमान को 30-24 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 बालक एकल में युवराज जोशी ने विनायक साहनी को 30-8 से, अस्मित सिंह ने यश चंद्रा को 30-22 से, रजत कुमार ने अथर्व अग्रवाल को 30-28 से व अमन सिंह ने रनवीर मलिक को 30-27 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-19 बालक एकल में अमन सिंह ने अंश वर्मा को 30-21 से, शौर्य कुमार दुबे ने शौर्य अग्रवाल को 30-07 से, रक्षित सोलंकी ने अस्मित सिंह को 30-26 व युवराज जोशी ने शौर्य गंगवार को 30-25 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। पुरुष एकल मुकाबलों में विशाल सिंह ने शौर्य वर्मा को 30-24 से, नमन गांधी ने विशाल को 30-21 से, सचिन पाल ने युवराज जोशी को 30-25 से व अमन सिंह ने नित्यांशु को 30-27 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कोषाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि चैंपियनशिप उनके पुत्र अंकित चतुर्वेदी की स्मृति में वर्ष 2014 से आयोजित की जा रही है। इस दौरान अध्यक्ष डीएल खट्टर, उपाध्यक्ष राकेश टंडन, जेडए खान, हरीश छाबड़ा, देवेंद्र थापा आदि उपस्थित रहे। सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि शुक्रवार को सभी मुकाबले दोपहर तीन बजे से आयोजित किए जाएंगे।



### महिला एकल में हुए कड़े मुकाबले

अंडर-13 बालिका एकल में कनिष्का जोशी ने आशमा अनेजा को 21-10, 21-15 से, अनविशा ने नंदिका रस्तोगी को 30-15 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में ईशा सिंह ने प्रीति सिंह को 30-06 से, काव्या ने कोपल गंगवार को 30-07 से, अदिति ने सिमरन को 30-11 से व नेहा ने अविका गंगवार को 30-16 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी, बेल्जियम को लगातार तीसरे मैच में हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है और उसने बेल्जियम के खिलाफ लगातार तीसरी जीत दर्ज की है। यूरोप के अपने मौजूदा दौरे पर भारतीय टीम ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें मिनट) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरूआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा, रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद बना वजह?



**पोलैंड।** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबाल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवेंडोवस्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबाल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरूआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवेंडोवस्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पिओटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवेंडोवस्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे, तब तक वे राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे। पोलैंड को फिनलैंड से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसकी विश्वकप के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर डेविड वॉर्नर ने जताया दुख
## एअर इंडिया से कभी नहीं यात्रा करने की खाई कसम

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी है और इस घटना पर दुख जताया है। इसके अलावा वॉर्नर ने एअर इंडिया से कभी भी यात्रा नहीं करने की कसम खाई है।

### 266 लोगों की हुई मौत

अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर टेकऑफ हुआ था। एअर इंडिया के मुताबिक, बोइंग 787-8 मॉडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत 53 ब्रिटेन, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हो गई। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे।



वॉर्नर ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर दुख जताया। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह कभी भी एअर इंडिया से सफर नहीं करेंगे। दरअसल, वॉर्नर ने जो स्टोरी साझा की है उसमें एअर इंडिया के पूर्व क्रू मेंबर ने गंभीर आरोप लगाया है। उसका कहना है कि एअर इंडिया खराब एअरक्राफ्ट का लगातार प्रयोग कर रहा है।

### जब बिना पायलट के विमान पर सवार हो गए थे डेविड वॉर्नर

मालूम हो कि, यह पहला मौका नहीं है जब वॉर्नर का एअर इंडिया पर गुस्सा फूटा है। इसी साल मार्च में वॉर्नर को एक यात्रा के दौरान बिना पायलट के विमान में सवार होना पड़ा और इसकी वजह से उन्हें विमान के अंदर लंबा इंतजार करना पड़ा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था- 'हम बिना पायलट के एक प्लेन में सवार हुए और घंटों तक प्लेन में इंतजार किया। एयर इंडिया आप यह जानते हुए कि उड़ान के लिए कोई पायलट उपलब्ध नहीं है, यात्रियों को क्यों बोर्ड कराते हैं?' इसके बाद एअर इंडिया ने एक बयान जारी कर कहा कि बेंगलुरु में खराब मौसम के कारण उड़ानों में देरी हो रही है और कई विमान कंपनियों को उड़ानों में देरी का सामना करना पड़ा है।

# कांग्रेस ने किया सदर विधानसभा में सृजन संगठन कार्यशाला का आयोजन

**गाजियाबाद।** कांग्रेस की ओर से बूथ कमेटियों के गठन को लेकर संगठन सृजन अभियान के तहत शुक्रवार को सदर विधानसभा की कार्यशाला महानगर कमेटी के कार्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने की।

कार्यशाला में महानगर कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी ने महानगर के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने के बारे में विस्तार से बताया। की उपस्थित मे महानगर कार्यालय पर महानगर की नई कार्यकारणी की संगठन सृजन कार्यशाला कार्यकर्म के तहत प्रोग्राम किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा ने मंच का संचालन किया। महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व कार्यकताओं ने अहमदाबाद वायुयान हादसे में मारे गए लोगों के लिए 02 मिनट की मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन सभा के उपरांत बसपा के वार्ड 33 का पार्षद चुनाव लड़े चुके सरदार मनजीत सिंह ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस ज्वाइन की।

सरदार मनजीत सिंह एवं सभी को कांग्रेस पार्टी का पटका एवं फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की विचार धारा और कांग्रेस की विचार धारा को देखते हुए हम सभी कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने का कार्य करेंगे। कार्यशाला में गठन पर कार्य और चर्चा की गई।



इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष सी के अग्निहोत्री, विकास शर्मा, मोहम्मद कासिम, एडवोकेट चन्द्रपाल, सूर्यकांत, प्रेम प्रकाश चीनी, रिंकू माथुर, नितिन गोपाल भाटी, नरेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह, संजय सिंह, गंगाराम, शिव कुमार, विनोद शर्मा, उदय पाल सिंह, अमित शर्मा, दीपक पाल, सतीश चन्द, आबिद चौहान, अमित शर्मा, हरिराम, रहीस खान, महेंद्र गौतम, हाफिज खालिद, माया देवी, मोहम्मद हनीफ चीनी, महेश दत्त, आबिद मालिक, नरेंद्र कुमार चौधरी, जल सिंह, पवन शर्मा, भरत गुप्ता, युनुस कुरैशी, मोहम्मद फहीम खान आदि सेकंडों कांग्रेसी उपस्थित थे।

# नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए और छाए स्टार्क, फाइनल में अर्धशतक लगाकर बनाए कई रिकॉर्ड



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। कंगारुओं ने प्रोटियाज के सामने 282 रन का लक्ष्य रखा है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मिचेल स्टार्क छा गए। उन्होंने बेहतरीन अर्धशतक जमाया और नाबाद पवेलियन लौटे। स्टार्क 136 गेंद में पांच चौके की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी, एलेक्स कैरी और हेजलवुड की बदौलत एक वक्त 73 रन पर सात विकेट गंवा चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी मे 200 रन के पार जा सकी। स्टार्क ने कई रिकॉर्ड भी बनाए

स्टार्क का यह टेस्ट करियर का 11वां अर्धशतक रहा। स्टार्क ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की, फिर लियोन के साथ नौवें विकेट के लिए 14 रन की और फिर हेजलवुड के साथ आखिरी विकेट के लिए 135 गेंद में 59 रन की साझेदारी निभाई।

# हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन
## चीन में होने वाली है प्रतियोगिता



**नई दिल्ली।** चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गई 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी।

गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक शिवानी देवी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक गरिमा, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिक्षा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं।

स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 यूथ वुमन हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच विनॉय, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गईं खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी।

### 22 गज की पिच पर विपक्षी बल्लेबाजों की गिल्लियां बिखेर रहीं आठ साल की माधवी

22 गज की पिच पर आठ साल की माधवी गिल्लियां बिखेर रही हैं। खास बात यह है कि माधवी यह प्रदर्शन अंडर-19 टीम के लिए कर रही हैं। इन दिनों अंडर-19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता चल रही है। माधवी को चंबा जिले की टीम में बतौर तेज गेंदबाज जगह दी गई है। माधवी अपनी से दोगुना उम्र की क्रिकेटरों को टक्कर दे रही हैं। तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली चंबा के चुराह क्षेत्र के थली गांव की माधवी ने पहले मुकाबले में लाहौल-स्पीति के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए।

दूसरे मुकाबले में मंडी के खिलाफ एक विकेट झटका। यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ में खेली जा रही है। इस सत्र दोनों मुकाबलों में इनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। वहीं, आठ साल की माधवी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हैं। माधवी के पिता ध्यान सिंह केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक हैं। माधवी को क्रिकेट का जुनून है। पिता ने बेटी को बनीखेत स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सब सेंटर बनीखेत में प्रशिक्षण के लिए भेजा। माधवी ने यहां प्रशिक्षण हासिल किया और चयनकताओं की नजर अपनी ओर खिंची। इधर, कोच अंतरिक्ष शर्मा ने बताया कि माधवी काफी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले मुकाबलों में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, ओ डोड ने खेली शानदार पारी

**नीदरलैंड्स।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।



### बड़ी टीमों को पीछे छोड़ा

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।

### नीदरलैंड का सबसे बड़ा रन चेज

स्कॉटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया। नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने मिलाकर इस मैच में कुल 743 रन बनाए।

# काली पट्टी बांधकर उतरे द. अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी

**ऑस्ट्रेलिया।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलने के लिए काली पट्टी बांधकर उतरे। बता दें कि, गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर टेकऑफ हुआ था। एअर इंडिया के मुताबिक, बोइंग 787-8 मॉडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत 53 ब्रिटेन, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हो गई। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे।



विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी। सभी खिलाड़ी मैदान पर काली पट्टी बांधकर उतरे। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप्स तक दूसरी पारी में आठ विकेट पर 144 रन बनाए थे और उसकी कुल बढ़त 218 रन हो गई। दिन का खेल समाप्त होने तक मिचेल स्टार्क 16 और नाथन लियोन एक रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। अब तीसरे दिन का खेल शुरू हो चुका है।

### रबाडा-एनगिडी ने लगाई लगाम

मैच के दूसरे दिन गुरुवार को कुल 14 विकेट गिरे। इससे पहले शुरूआती दिन भी इतने ही विकेट गिरे थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दूसरे सत्र में दक्षिण अफ्रीका के शेष छह विकेट गिराए, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने भी स्टंप्स तक कंगारू टीम को आठ झटके दे दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने आज दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर ऑलआउट की और 74 रनों की बढ़त हासिल की। हालांकि, कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वापसी की कोशिश की और दूसरी पारी में भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को रोके रखा।

# मुरादनगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विकास तेवतिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा नेता और मुरादनगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष चौधरी विकास तेवतिया का जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम विकास तेवतिया ने मंदिर में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर दिन की शुरूआत की।

भाजपा के सभी कार्यकताओं द्वारा मुरादनगर चौधरी चरण सिंह द्वार जाट कॉलोनी पर विकास तेवतिया का मालाओं- पुष्प गुच्छ देकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया।भाजपा कार्यकताओं ने केक काट कर एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनायी।

इस अवसर पर भाजपा नेता विकास तेवतिया ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर सबको धन्यवाद देता हूं। सभी लोगों ने हमेशा मुझे आशीर्वाद और प्यार दिया है। इसी प्यार की वजह से मेरी पहचान है, जिसके लिए सभी शुभचिंतकों और जनता को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता सर्वोपरि है। देश और हमारे प्रदेश में भाजपा की सरकार है। आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी जी के सुशासन का असर पूरे देश और प्रदेश में दिख रहा है। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी। बीजेपी संगठन के मार्गदर्शन में आने वाले समय में मिलकर बेहतर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर अमरीश गोयल, विवेक प्रकाश गर्ग, राहुल गोयल, अक्षय सिंघल, अनिल चौधरी, ज्ञानेंद्र सिंघल, डॉ दीपक नेहरा, आशु चौधरी, राजीव चौहान, नरेंद्र तेवतिया, विपिन चौधरी सुल्तानपुर, दुर्गेश शर्मा, गीता चौधरी, तनु शर्मा, यतेंद्र ठाकुर, रॉकी त्यागी, निखिल चौधरी, मोहित त्यागी, संजीव त्यागी, सचिन शर्मा, मनोज ट्विंकल, डॉ मुकेश शर्मा, नूरुद्दीन, शादाब, राहुल चौधरी, सुनील नागपाल, जुनेद, गोविंद, बॉबी पंडित, गीता सक्सेना, राजू सक्सेना, चेतन चौधरी, राकेश शर्मा, दुष्यंत, सागर, आदित्य, महिपाल,



शालिनी शर्मा, रोहित शर्मा, नवीन सिंघल, दीपक मित्तल, पंकज चौधरी, मोहित मुंडे, नितिन गोयल, सुदर्शन प्रसाद, रीता, सुशील गोयल, बुद्ध प्रकाश गोयल, हंस चौधरी, कपिल त्यागी आदि मुख्य लोग उपस्थित रहे।




## सोशल मुद्दों से क्यों दूर भाग जाता है बहुजन समाज का नीला हाथी

नीले हाथी की ताकत भगवा नगरी में कम नहीं है। ये वही नीला हाथी है जिसने सबसे पहले देश की सबसे बड़ी विधानसभा में भाजपा को हराकर खाता खोला था। ये वही नीला हाथी है जिसने शहर सीट पर भाजपा को डिफीट दी थी। ये वही नीला हाथी है जिसके डीएम समीकरण ने मुरादनगर में दिग्गज पूर्व मंत्री को हरा दिया था। लेकिन सबसे बड़ी बात ये है कि बसपा का ये नीला हाथी आखिर सोशल मुद्दों से क्यों दूर भागता है। ये हाथी सत्ता में तो सोशल इंजीनियरिंग के दम पर ही आया था। विपक्ष की राजनीति में हाथी कम से कम अपने कैडर वोट वाले समाज की तो आवाज बने। मुद्दा चाहे पुलिस उत्पीड़न का हो या बढ़े हुए टैक्स का हो। इस पार्टी के नेता कभी भी सोशल मुद्दों पर मुखर ही नहीं होते। वो उस परमीशन का इंतजार करते हैं जो उन्हें नहीं मिलती।

## समाजवादियों ने क्यों खोल रखा है आपस में एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा

साईकिल वाले दल के मुखिया पूरी ताकत से विपक्ष वाले तेवरों के साथ हैं। लेकिन समाजवादियों ने एकजुट होने की बजाय आपस में मोर्चा खोल लिया है। ब्राह्मण समाज के नेताओं ने लगातार आग उगल रहे भाटी के खिलाफ विरोध की लाठी उठा ली है। मुरादनगर वाले लाला जी ने अपनी ही विंग के मुल्ला जी से स्पष्टीकरण मांग लिया है। हाल गाजियाबाद में भी यही चल रहा है। आखिर ऐसा क्या है कि समाजवादी एकजुट होकर फ्लावर वाले दल के खिलाफ मोर्चा खोलने के बजाय आपस में एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। बड़े नेताओं को एक दूसरे की शिकायतें भेज रहे हैं। फूल वाले दो साल बाद आने वाले चुनावी रण की प्रेक्टिस में लगे हैं और साईकिल वाले समाजवादी आपस में साईकिल के टायर ट्यूब से लेकर चेन खोलने में लगे हैं।

## देवतुल्यों का समर्पण उगलेगा आग टीम की घोषणा के बाद

कुछ ऐसे देवतुल्य हैं जो इस आस में हैं कि वो ही सबसे खास हैं। उनसे पार्टी का पूछो तो वो पार्टी को मां बताने लगते हैं। वो मिट्टी और देश की सौगंध खाने लगते हैं। पुराने देवतुल्य ने ये तेवर देखकर कहा कि हमने इनसे भी बड़े देवतुल्य देखे हैं। आप बस महानगर वाली टीम घोषित होने दो। आप बस मंडल वाली टीम के नाम उजागर होने दो। फिर ये जो पार्टी को मम्मी बता रहे हैं अगर ये ही अम्मा बहन पर ना जायें तो हमारा नाम बदल देना। उन्होंने नाम गिनाये और बताया कि लाईन पार से इनकी बगावत देखने वाली होगी। नदिया पार से ये चेहरे आग उगलेंगे। मुरादनगर से इन एक्स बागियों की फिर से भाषा शैली देखना। बताने वाले ने साफ बताया कि देवतुल्यों का समर्पण आग उगलेगा, बस जरा मंडल वाली और महानगर वाली टीम के नाम घोषित हो जाने दो।

# श्री अमरनाथ युवा मंडल गाजियाबाद (करनाल) की भण्डारा सामग्री रवाना



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्री अमरनाथ युवा मंडल गाजियाबाद (करनाल) का भण्डारा सामग्री आज नया गंज व बिहारी नगर से रवाना हुई । जिससे अखिल भारतीय उधोग व्यापर मंडल गाजियाबाद के अध्यक्ष ओर संदीप बंसल व अमरनाथ युवा मंडल के गाजियाबाद अध्यक्ष गौरव गर्ग ने नया गंज से रवानगी दी गई। इस मौके पर अनमोल बंसल, हर्ष बंसल, राजू शर्मा, राकेश गुप्ता, विनय सिंह सहित अन्य साथी भी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 का कार्यकाल भारत के विकास के लिए अद्भुत : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य एवं उद्योग व्यापार मंडल के वाइस चेयरमैन हरीश मल्होत्रा ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल भारत के विकास के लिए अद्भुत रहा है। इन 11 सालों में मोदी जी ने सभी वर्गों समाज का ध्यान रखते हुए अद्भुत कार्य किए हैं। वर्ष 2014 से पहले महिलाओं को निम्न समझा जाता था लेकिन 2014 के बाद मोदी सरकार ने महिला शक्ति के लिए आश्चर्यजनक काम किया है जिससे महिलाएं सशक्त हुई है। आज सेना में भी देश की बेटियां उच्च अधिकारी के पद पर हैं। सामाजिक दृष्टि से जो भी पिछड़े हैं उनके लिए मोदी सरकार ने विकास के द्वारा खोले हैं। आज मोदी सरकार के सफल कार्य से नए भारत के दर्शन हो रहे हैं। 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11 वे नंबर पर थी लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था चौथे नंबर पर है। भारत का निर्यात भी काफी बड़ा है इंफ्रास्ट्रक्चर में अद्भुत कम हुए हैं। 2014 से पहले भारत में 11 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से सडकों का निर्माण होता था लेकिन आज यही निर्माण 35 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से हो रहा है। मोदी जी ने गेम चेंजर काम किए हैं। आज देश में 160 एयरपोर्ट हैं। मोदी सरकार के विकास को आज पूरा भारत सलाम कर रहा है।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अदिति भारद्वाज ने अपने जनपद का गौरव बढ़ाया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा अदिति भारद्वाज ने एक बार फिर से अपने स्कूल व जनपद का गौरव बढ़ाया। अदिति भारद्वाज को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अदिति भारद्वाज को एक लाख रुपये, एक टेबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल के चेयरमैन जे के गौड़ ने कहा कि अदिति को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने से स्कूल ही नहीं जनपद का गौरव भी बढ़ा है। अदिति ने सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को कुछ कर दिखाने के लिए प्रेरित किया है। स्कूल के निदेशक डॉ करूण गौड़ ने कहा कि जेकेजी इंटरनेशल स्कूल के बच्चे शिक्षा, खेल समेत हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रहे हैं। अदिति भारद्वाज इसका उदाहरण है, जिन्होंने पहले सीबीएसई की कक्षा 12 में शानदार प्रदर्शन कर और अब प्रदेश के



मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर एक बार यह साबित कर दिया है कि जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल आज पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू गौड़ ने कहा कि अदिति भारद्वाज ने कक्षा 12 की परीक्षा में 500 में से 497 अंक यानि 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए ही उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उसी के चलते स्कूल के बच्चे आज देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं।

## पार्षद कुसुम गोयल में महापौर को लिखा पत्र जल्दी हो बोर्ड बैठक



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कौशांबी की पार्षद कुसुम गोयल ने शुक्रवार को महापौर को पत्र लिखकर बढे हुए हाउस टैक्स के विषय में जल्द से जल्द बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की। पार्षद कुशल विद्यालय पत्र के माध्यम से कहा गाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा की गयी निगम सदन की बैठक में गाजियबाद नगर निगम द्वारा प्रस्तावित संम्पति करो की नई दरों के सम्बन्ध में प्रस्ताव पास नहीं किया गया था। जबकि कार्यवृत में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास दशार्या गया है। जो बिलकुल गलत है। गाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा प्रस्तावित डी.एम सर्किल रेट आधारित नई सम्पति दरों के बढे हुए प्रस्ताव को 09.10.2024 की सदन की बैठक में पहले ही निरस्त किया जा चुका है। और जिसके कार्यवृत की पुष्टि सदन की बैठक में -07.03.2025 को प्रस्ताव संख्या 113 पर की गयी है।

## मोदी जी के 11 साल बेमिसाल : ओम दत्त कौशिक



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष भाजपा ओमदत्त कौशिक ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। इन 11 सालों में देश की जनता को चौंकाने वाले परिणाम देखने को मिले हैं। मोदी सरकार के इन 11 सालों में भारत का चौमुखी विकास हुआ है। पीएम आवास योजना के द्वारा गरीब लोगों के घर का सपना पूरा हुआ है। मोदी सरकार में गांव गरीब पिछड़े किसान व्यापारी सभी का ध्यान बखूबी रखा गया है। वर्ष 2014 से पहले भ्रष्टाचार चरम पर था लेकिन 2014 के बाद इन 11 सालों में भारत भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है। 2014 से पहले परिवारवाद की राजनीति थी लेकिन 2014 के बाद में परिवारवाद को समाप्त किया गया है। आज भारत की जनता मोदी जी पर गर्व कर रही है।

# होटल के कमरे से होता था लाइव वीडियो सेक्स, पुलिस नें तीन को किया गिरफ्तार

## विजयनगर की रहने वाली दो युवतियां और युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साइबर क्राइम गाजियाबाद की टीम ने एक शिकायत के बाद बजरिया के एक होटल में कैमरा लेकर लड़कियों की लाइव अश्लील वीडियो बनाकर लोगों को ठगने और उनको सुविधा प्रदान करने का सनसनीखेज खुलासा साइबर क्राइम द्वारा किया गया है। इस मामले में पुलिस ने मोहित निवासी विजयनगर और विजयनगर क्षेत्र की रहने वाली दो ग्रेजुएट युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से दो लैपटॉप, दो मोबाइल ,मास्क और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने बताया है कि अनुज त्यागी नाम का व्यक्ति इनको 20 से 25000 रुपए महीने देता था और यह लाइव अश्लील सेक्स हरकतें करती थीं। पुलिस ने बताया है कि एक वेबसाइट के जरिए यह अपने ग्राहकों के साथ ऑनलाइन यह सब किया करती थीं। फिलहाल अभी मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर है।

### दो लैपटॉप, मोबाइल, मास्क और आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद

### कभी होटल का रूम, तो कभी माल के वॉशरूम से चलता था धंधा

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में साइबर क्राइम की टीम जांच कर रही है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एक वेब साइट पर यह पूरा धंधा चल रहा था। लड़कियां कभी होटल में कमरा लेकर यह सुविधा देती थी, तो कभी मॉल के वॉशरूम से वीडियो ऑनलाइन कॉल कराई जाती थी। बताया जा रहा है कि यह लोग प्रतिदिन दर्जनों लोगों को अपने ग्राहकों के रूप में इस्तेमाल करती थी।

### पुलिस को मिले हैं कई महत्वपूर्ण सबूत

**करंट क्राइम :** इस मामले में साइबर थाने के प्रभारी संतोष तिवारी ने जानकारी दी है कि इस मामले में मुख्य अभियुक्त अनुज त्यागी निवासी पंचशील की पुलिस तलाश कर रही है। तो वहीं एक तीसरी युवती भी इस पूरे गिरोह में शामिल बताई जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि मोहित और एक व्यक्ति पति-पत्नी के रूप में होटल में कमरा बुक कराया करते थे और फिर यहां से अश्लील ऑनलाइन वीडियो और कॉलिंग का धंधा शुरू होता था। पुलिस का मानना है कि इस तरीके के कई अन्य गिरोह और भी एक्टिव हो सकते हैं।






## कमिश्नरेट में लगातार जारी है मीटिंगों का

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अच्छे अधिकारियों के नाम जमकर लिए जा रहे हैं तो कई ऐसे भी नाम हैं जो अब सवालों के घेरे में आने लगे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार मीटिंगों का जमकर दौर चल रहा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शायद ही कोई ऐसा दिन जाता हो, जिस दिन मैन्युअल या जूम पर मीटिंग ना हो रही है। कभी बड़े साहब के द्वारा दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं तो कभी अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस काम को अंजाम दे रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों ने बताया है कि बृहस्पतिवार की रात को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जाने के सभी प्रमुख अधिकारियों को लेकर आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर गूगल मीट पर बैठक आयोजित की गई थी। तो वहीं कांवड़ यात्रा को लेकर थाना प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ ही एडीसीपी और डीसीपी अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जानकारी मिली है कि शुक्रवार को भी दिन में पुलिस ऑफिस में भी तीनों जोन के डीसीपी साहब लोगों के साथ नए वाले मीटिंग हॉल में समीक्षा बैठक की गई है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि इस समीक्षा बैठक के दौरान जहां पुराने किए गए कार्यों पर रिव्यू लिया गया है। तो कमिश्नरेट वाले सिस्टम को और बेदहतर ढंग से चलाने के लिए नए दिशा निर्देश भी दिए जाने की जानकारी मिली है। वहीं इन सबके बीच शुक्रवार को फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लाइन से आउट किए गए पुलिसकर्मियों की लंबी लिस्ट आने की जानकारी मिली है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में इस लिस्ट को लेकर फिर कई तरीके की चर्चा सुनाई दे रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि शनिवार, मंगल के साथ ही कई विशेष तिथियों को लेकर भी बैठकर जारी हैं। तो इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट में आ रही लगातार तबादले वाली लिस्ट पर भी शीर्ष अधिकारियों को नजर रखने की आवश्यकता रखने की जानकारी मिल रही है। वहीं अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में मीटिंग के दौरान और कौन से कड़े और सख्त दिशा निर्देश दिए जाते हैं। वहीं इस बार कांवड़ यात्रा को पहले और अधिक बेस्ट और आमजन को राहत दिलाने की भी रणनीति बना जाने की जानकारी मिली है।




# पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 98 के पार्षद डॉ अनिल तोमर ने वार्ड में हो रहे विकास कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद डॉ अनिल तोमर ने बताया कि वार्ड 98 के अंतर्गत सीआईएसफरोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह सड़क निर्माण का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क पिछले कई साल से बदल स्थिति में थी, सड़क और नाला अलग-अलग जगह से खराब सड़क से स्थानीय लोग परेशान रहते थे इसलिए इस बार करीब करोड़ों की लागत से सड़क नाला बनाया गया है, जिससे अब यहां के लोगों की परेशानी खत्म हो जायेगी। सड़क से लेकर गली तक कि सड़क बनाने को अग्रसर है, इंदिरापुरम में सड़क निर्माण कार्य नगर निगम युद्धस्तर से कार्य कर रहा है। उन्होंने ने महापौर सुनीता दयाल व नगरायुक्त का वार्ड में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

# अभियंत्रण जोन एक में आने वाले एरिया को जीडीए करेगा सेक्टरों में विभाजित

## सुपरवाइजरों की बढेगी जिम्मेदारी और एजेंसियों से कराने वाले कार्यों की होगी हर रोज समीक्षा




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में प्राधिकरण ने एक नई पहल आरंभ करने का निर्णय लिया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अब अभियंत्रण खंड एक के अंतर्गत आने वाले राजनगर एक्सटेंशन एरिया की नागरिक सुविधाओं को बेहतर रूप देने के लिए सेक्टरों में विभाजित करेगा। इसके लिए बाकायदा क्षेत्र में तैनात सुपरवाइजरों की जिम्मेदारी बढाई जाएगी। सुपरवाइजरों को दायित्व होगा कि जिन ठेकेदार एजेंसियों को क्षेत्र में साफ सफाई, कूडा निस्तारण, सीवरेज, पथ प्रकाश व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी दी गई है, उनके कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें और हर दिवस अपने वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ये भी देखना होगा कि संबंधित क्षेत्र से कूडा उठा है अथवा नहीं। नालियों की सफाई व्यवस्था की भी निगरानी करनी होगी। क्षेत्र में तैनात अवर अभियंता, सहायक अभियंता आदि का दायित्व होगा कि वह सुपरवाइजरों के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट की समीक्षा करें। इस समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा एरिया का निरीक्षण किया जाएगा तथा प्रयास होगा कि प्राधिकरण के अभियंत्रण खंड एक के अंतर्गत आने वाले एरिया की नागरिक सुविधाओं में सुधार हो। अभियंत्रण एक के अंतर्गत सेक्टरों का निर्धारण सडकों के आधार पर किया जाएगा। इस तरह का प्रयोग कामयाब होने की स्थिति में इसे प्राधिकरण की देखरेख वाली दूसरी योजनाओं में भी आरंभ किया जाएगा।



# अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की संगठन बैठक सम्पन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को लोहा मंडी प्रदेश कार्यालय अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की संगठन बैठक हुई। बैठक में 12 जून को अहमदाबाद में प्लेन दुर्घटना को लेकर मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौहान और प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने गाजियाबाद शहर में व्यापारियों की समस्या के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर समस्या के निदान के लिए बात की।

राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने भी अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। अगले कुछ दिनों में शहर में व्यापारियों की समस्या आरडीसी में ट्रैफिक से संबंधित मुद्दों पर जिलाधिकारी गाजियाबाद से मिलकर व्यापार मंडल की तरफ से क्या-क्या मुद्दे रखे जाने हैं, उस पर चर्चा की। बैठक में उपस्थिति सभी व्यापारी साथियों ने अपने-अपने सुझाव दिये।

इस बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र डबास, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग, प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा, जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान, जिला उपाध्यक्ष सोनवीर चौधरी एवं अन्य प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इस्राइल ने ईरान पर इस तरह हमले को दिया अंजाम खामनेई ने की नए सैन्य कमांडरों की नियुक्ति

**दुबई ।** वहीं ईरान की तरफ से इस्राइल को सजा देने की बात कही गई है। अब आपको बताते हैं कि, इस्राइल ने ईरान पर अपने भीषण हमले को किस तरह अंजाम दिया। तो बता दें कि, इस्राइल इस हमले की तैयारी बहुत पहले से कर रहा था, जिसमें इस्राइली खुफिया एजेंसी 'मोसाद' ने ईरान के अंदर हथियारों की तस्करी भी की थी। जानकारी के मुताबिक, हमला शुरू होने से पहले ईरान के भीतर ही ड्रोन और अन्य हथियारों को सक्रिय किया गया।



### ईरान पर इस्राइली हमले की गुप्त तैयारी

इस्राइल ने शुक्रवार को ईरान पर एक बड़ा हमला किया, जिसकी तैयारी गुप्त रूप से पहले ही कर ली गई थी। इस बात की जानकारी दो इस्राइली सुरक्षा अधिकारियों ने दी, जिन्होंने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बात की। इन अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद ने हमले से पहले ईरान के अंदर ड्रोन, सटीक निशाना लगाने वाले हथियार और अन्य विस्फोटक सामग्री भेज दी थी। इन हथियारों का इस्तेमाल ईरान की राजधानी तेहरान के पास स्थित मिसाइल बेस को निशाना बनाने में किया गया। बताया गया कि ईरान के अंदर एक गुप्त ठिकाने से विस्फोटक ड्रोन उड़ाए गए और साथ ही कुछ वाहनों में लगाए गए हथियार सिस्टम भी सक्रिय किए गए। इनका मकसद ईरान की हवाई सुरक्षा प्रणाली को कमजोर करना था।इस्राइली हमले में ईरान के दो शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने तुरंत नए सैन्य प्रमुखों की नियुक्ति कर दी है। बता दें कि, जनरल अब्दुर्रहीम मूसेवी को ईरानी सशस्त्र बलों का नया प्रमुख बनाया गया है। इससे पहले वे थल सेना के प्रमुख थे। मोहम्मद पाकपुर को इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का नया कमांडर बनाया गया है।

**इस्राइल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव अब एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। वहीं शुक्रवार की सुबह इस्राइल के हमले के बाद दोनों देश एक-दूसरे पर जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। एक तरफ जहां बेंजमिन नेतन्याहू ने ईरान पर अपनी कार्रवाई को जरूरी बताया है**

# गूगल क्लाउड में आई बड़ी तकनीकी गड़बड़ी

## स्पॉटिफाई, स्नैपचैट, यूट्यूब समेत कई सेवाएं प्रभावित

**नई दिल्ली ।** गूगल क्लाउड में गुरुवार को आई बड़ी तकनीकी समस्या के कारण दुनियाभर में लाखों यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस आउटेज से स्पॉटिफाई, डिस्कॉर्ड, स्नैपचैट, ट्विच, शॉपिफाई और एआई कंपनी एंथ्रोपिक जैसी बड़ी सेवाएं प्रभावित हुईं। इसके अलावा गूगल की अपनी सेवाएं जैसे जीमेल, गूगल मीट, यूट्यूब और गूगल सर्च भी कुछ देर के लिए ठप हो गईं।




मामले में गूगल क्लाउड की स्टेटस वेबसाइट पर बताया गया कि यह दिक्कत आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट सर्विस में आई गड़बड़ी के कारण हुई। कंपनी ने बताया कि उनके इंजीनियर इस मुद्दे को ठीक करने में जुटे हैं और कुछ लोकेशनों में सेवाएं बहाल हो चुकी हैं, हालांकि अब भी कई जगह असर बना हुआ है।गूगल ने शुरू की सुधार प्रक्रिया सामने आ रही सैकड़ों शिकायतों के बाद गूगल ने अपने ताजा अपडेट में कहा कि हमारी टीम ने समस्या की जड़ पहचान ली है और सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गूगल ने बताया कि अमेरिका के 'यूएस-सेंट्रल1' रीजन को छोड़कर बाकी सभी लोकेशनों में सेवाएं काफी हद तक ठीक हो चुकी हैं। हालांकि अब भी कई यूजर्स को अलग-अलग सेवाओं में दिक्कत आ रही है। बता दें कि गूगल क्लाउड की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, इस तकनीकी समस्या से कई सेवाएं प्रभावित हुईं, जिनमें एजेंट असिस्ट, क्लाउड फायरस्टोर, गूगल ऐप इंजन, गूगल बिगक्वेरी, गूगल क्लाउड स्टोरेज, डायलॉगफ्लो, टेक्स्ट-टू-स्पीच, स्पीच-टू-टेक्स्ट और वर्टेक्स एआई सर्च जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। फिलहाल, गूगल ने यह नहीं बताया है कि सेवाएं पूरी तरह कब तक बहाल हो पाएंगी। डाउनडिटेक्टर वेबसाइट के मुताबिक, अमेरिका में दोपहर करीब 2:46 बजे (ईटी) स्पॉटिफाई को लेकर 44,000 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई।

# फ्रांस दौरे पर जयशंकर की मैक्रों से मुलाकात

## आतंकवाद के खिलाफ समर्थन पर जताया आभार

**पेरिस।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं राष्ट्रपति मैक्रों को पहुंचाईं और आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिले फ्रांस के मजबूत समर्थन के लिए उनका आभार जताया।



जयशंकर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर सम्मानित महसूस किया। पीएम मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और आतंकवाद के खिलाफ फ्रांस के मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत में आपसी विश्वास, सहजता और रणनीतिक साझेदारी की महत्वाकांक्षा स्पष्ट रूप से दिखी।

बता दें कि जयशंकर इन दिनों अपने यूरोप दौरे पर हैं, जहां वे भारत और यूरोपीय देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराने में जुटे हैं, खासकर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से।

### आर्मेनिया के विदेश मंत्री से भी की मुलाकात

इसके साथ ही जयशंकर ने फ्रांस के मार्से शहर में आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिजोर्यान से भी मुलाकात की। जयशंकर ने इसे महत्वपूर्ण बातचीत बताया, जिसमें दोनों देशों के बीच सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे पहले जयशंकर ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी और भारत-ईयू रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की थी।

# लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती अवैध, संघीय जज का आदेश

**सैन फ्रांसिस्को।** आदेश में कहा गया कि गार्ड की तैनाती अवैध है। यह 10वें संशोधन का उल्लंघन है तथा ट्रंप के वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण है।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि आव्रजन दमन के विरोध में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में करीब चार हजार नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश देकर अपनी सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही गार्ड को उचित तरीके से नहीं बुलाया था। जज ने कहा कि इस देश की स्थापना एक राजा के प्रति सम्मान के रूप में की गई थी, और संविधान सीमाओं का एक दस्तावेज है। मैं यह पता लगाने का प्रयास कर रहा हूं कि सीमाएं कहां खींची गई हैं



कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आपातकालीन याचिका दायर कर जज से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने का अनुरोध किया। गवर्नर ने तर्क दिया कि सैनिकों को संघीय भवनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कोर्ट से अपील की गई थी कि सैनिकों को छापों के दौरान आव्रजन एजेंटों की सुरक्षा करने से रोके। उन्होंने कहा कि गार्ड को शामिल करने से केवल तनाव बढ़ेगा और नागरिक अशांति को बढ़ावा मिलेगा।

मेजर जनरल स्कॉट शेरमैन ने कहा कि बुधवार तक लगभग 500 गार्ड सैनिकों को आव्रजन अभियानों में एजेंटों के साथ जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एजेंटों को सुरक्षा प्रदान करने वाले गार्ड सैनिकों की तस्वीरें आव्रजन अधिकारियों द्वारा पहले ही प्रसारित की जा चुकी हैं। शेरमैन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जो लॉस एंजिलिस में भेजे गए गार्ड सैनिकों और मरीन की देखरेख कर रहे हैं।

ट्रंप ने भेजे 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन बता दें कि ट्रंप प्रशासन ने हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन तैनात किए हैं। मामले में ट्रंप प्रशासन का कहना है।

**लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती के फैसले को संघीय अदालत ने खारिज कर दिया है। संघीय न्यायाधीश ने एक आदेश में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड हटाने के लिए कहा है**

# हेगसेथ बोले- जरूरत पड़ने पर ग्रीनलैंड-पनामा पर कब्जा करेंगे

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पेंटागन ने ग्रीनलैंड और पनामा पर बलपूर्वक कब्जा करने की योजना बनाई है। कांग्रेस की तीखी बहस के दौरान बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को जब उनसे सिग्नल चैट के इस्तेमाल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया।



अमेरिकी संसदीय समिति- हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की बैठक के दौरान डेमोक्रेटिक सदस्यों ने हेगसेथ से कई तीखे सवाल पूछे। सबसे कठिन सवाल सैन्य दिग्गजों की ओर से पूछे गए। इस दौरान हेगसेथ ने पेंटागन प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के बारे में पूछे गए कई सवालों के सीधे जवाब देने से बचने की कोशिश की, जिससे बहस और तेज हो गई। हमारा काम संभावित स्थिति के लिए योजना बनानाः हेगसेथ प्रतिनिधि एडम स्मिथ ने हेगसेथ से जब पूछा कि क्या पेंटागन ने ग्रीनलैंड या पनामा पर जबरन कब्जा करने की कोई योजना बनाई है, तो उन्होंने जवाब दिया, 'हमारा काम हर संभावित स्थिति के लिए योजना बनाना होता है।'

हेगसेथ के गोलमोल जवाब पर सांसद टर्नर ने किया हस्तक्षेप यह सामान्य बात है कि पेंटागन कई ऐसे संघर्षों की योजना बनाता है जो हो भी सकते हैं और नहीं भी। लेकिन जब हेगसेथ ने इस पर बार-बार गोलमोल जवाब दिए, तो एक रिपब्लिकन सांसद माइक टर्नर ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा, 'आपकी गवाही का मतलब यह नहीं है।

# सुर्खियों में छाया विमान हादसा



**नई दिल्ली ।** एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 के उड़ान के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त होने की चर्चा पूरी दुनिया के मीडिया में हो रही है। पूरब में जापान टाइम्स से लेकर पश्चिम में न्यूयॉर्क टाइम्स तक में इस दुर्घटना को प्रमुखता से कवर किया गया है। आइए देखें भारत में हुई इस विमान दुर्घटना पर किसने क्या लिखा द वाशिंगटन पोस्ट उदबोइंग 787 ड्रीमलाइनर की पहली घातक दुर्घटना : फ्लाइट सेफ्टी फाउंडेशन के डेटाबेस के अनुसार, वर्ष 2011 में इस मॉडल के व्यावसायिक रूप से लॉन्च होने के बाद से यह बोइंग 787 ड्रीमलाइनर से जुड़ी पहली घातक दुर्घटना है। द न्यूयॉर्क टाइम्स वर्षों से जांच के दायरे में : बोइंग का ड्रीमलाइनर एयर इंडिया की दुर्घटना का कारण निर्धारित करने में महीनों या वर्षों का समय लग सकता है, लेकिन हादसे में शामिल विमान, बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, वर्षों से जांच के दायरे में है।

# ट्रंप ने रोका गैस संचालित कारों पर बैन

## इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता पर भी उठाए सवाल

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कैलिफोर्निया की सरकार के बीच तकरार दिन-प्रतिदिन और गहराता ही जा रहा है। इसी बीच ट्रंप ने गुरुवार को एक ऐसा प्रस्ताव साइन किया, जिससे कैलिफोर्निया में 2035 तक नई गैस से चलने वाली कारों की बिक्री पर बैन लगाने का कानून रुक गया। ट्रंप ने इस कानून को पागलपन भरा और देश के लिए विनाशकारी बताया।



बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान तीन अहम प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कैलिफोर्निया के गैस कारों पर बैन को रोकना, भारी ट्रकों से निकलने वाले धुएं पर लगाम के नियम हटाना और टेलपाइप से होने वाले प्रदूषण को कम करने वाली नीतियों को खत्म करना शामिल है। उइतना ही नहीं व्हाइट हाउस में ट्रंप ने इलेक्ट्रिक कारों की क्षमता और भरोसे पर सवाल उठाए, लेकिन एलन मस्क की कंपनी के लिए कुछ सकारात्मक बातें भी कहीं, हालांकि दोनों के रिश्ते हाल में तनावपूर्ण रहे हैं।

### कैलिफोर्निया सरकार का जवाबः अदालत में चुनौती

ट्रंप के प्रस्ताव पर दस्तखत होने से पहले ही कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राज्य इस कदम को अदालत में चुनौती देगा। उन्होंने कहा कि ये फैसले न सिर्फ अवैध हैं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से भरे हुए हैं। इससे लोगों की सेहत और पर्यावरण पर सीधा असर पड़ेगा। ध्यान रहे कि कैलिफोर्निया के साथ 10 अन्य डेमोक्रेटिक राज्यों ने भी इस कानूनी लड़ाई में साथ देने का लान किया है।

# अहमदाबाद हादसे में 32 साल की भारतवंशी ने भी जान गंवाई, विमान में इकलौती कनाडाई यात्री थीं निराली

**ओटावा ।** अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक निराली पटेल भारतीय मूल की दंत चिकित्सक थीं। 32 वर्षीय निराली टोरंटो के एटोबिकोक में रहती थीं। वह भारत में एक सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस लौट रही थीं, लेकिन दुर्भाग्य से वह दुर्घटना का शिकार हो गईं।



सीटीवी न्यूज टोरंटो की रिपोर्ट के मुताबिक, निराली के पति भी अपने एक साल के बच्चे के साथ भारत आने की योजना बना रहे थे। निराली के परिवार को जानने वाले समुदाय के नेता डॉन पटेल ने कहा कि विमान दुर्घटना चौंकाने वाली है। इसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। चार-पांच दिनों की यात्रा पर भारत आई थीं निराली रिपोर्ट के मुताबिक, निराली पटेल चार-पांच दिनों के लिए भारत आई थीं। समुदाय के नेता डॉन ने बताया कि उनके माता-पिता, भाई-भाई ब्रैम्पटन में रहते हैं। उन्होंने बताया कि जब विमान दुर्घटना की खबर मिली तो उन्होंने निराली के भाई से बहुत संक्षेप में बात की। डॉन ने बताया कि उनका भाई सदमे में था और ज्यादा बात नहीं कर पा रहा था।

2016 में ली थी डेंटल की डिग्री रिपोर्ट के मुताबिक, निराली पटेल ने 2016 में भारत में डेंटल की डिग्री ली थी। उसके बाद, 2019 में कनाडा में अपना लाइसेंस प्राप्त किया। वह मिसिसॉगा डेंटल क्लिनिक में काम करती थीं। ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने निराली की मौत पर जताया दुख ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने निराली की मौत और विमान दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे यह जानकर दुख हुआ कि मिसिसॉगा, ओंटारियो की कनाडाई नागरिक अहमदाबाद के पास हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों में से एक थीं। ओंटारियो के लोगों की ओर से, मैं सभी पीड़ित के परिवारों और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।' विमान में सवार सभी लोगों के प्रियजनों के साथ मेरी संवेदनाएंः कार्नी इससे पहले, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी विमान हादसे को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि वह विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बेहद दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मेरी संवेदनाएं विमान में सवार सभी लोगों के प्रियजनों के साथ हैं। कनाडा के परिवहन अधिकारी अपने समकक्षों के साथ निकट संपर्क में हैं और मैं इस त्रासदी के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त कर रहा हूं।' कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने भी अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर दुख जताया है। उन्होंने इस दुर्घटना को विनाश कारी बताया।

# ईरान ने मिसाइल कार्यक्रम की मौत की पुष्टि की



**वॉशिंगटन ।** ईरान ने पुष्टि की है कि इस्राइली हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को इस्राइल के हमलों में मारे गए दो शीर्ष सैन्य कमांडरों की जगह नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि जनरल अब्दोलरहीम मौसावी को सशस्त्र बलों का नया प्रमुख बनाया गया है। वह जनरल मोहम्मद बाघेरी की जगह लेंगे। मूसेवी इससे पहले ईरानी सेना के प्रमुख थे।

# दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से अब तक 78 मौतें

## प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे राष्ट्रपति रामाफोसा

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा शुक्रवार को देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के उन इलाकों का दौरा करेंगे, जहां हाल की विनाशकारी बाढ़ में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य चौथे दिन भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है। राष्ट्रपति रामाफोसा पूर्वी केप प्रांत के म्थाथा शहर जाएंगे, जहां मंगलवार की सुबह बाढ़ ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। रामाफोसा की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब आपदा के शुरूआत में प्रशासन की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना हो रही है। अत्यधिक खराब मौसम को आपदा का कारण माना जा रहा है। तीव्र बारिश, तेज हवाएं और कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई। मौसम विभाग ने पिछले हफ्ते ही खराम मौसम की चेतावनी दी थी। प्रांतीय सरकार के प्रमुख ने बताया कि बाढ़ आने के बाद शुरूआती कुछ घंटों में राहत कार्य लगभग रुक गया था क्योंकि वहां विशेष बचाव दल, गोताखोर और खोजी कुत्तों वाली टीम जैसे पर्याप्त संसाधन नहीं थे। पूर्वी केप प्रांत देश के सबसे गरीब इलाकों में से एक है। पूर्वी केप प्रांत के प्रमुख ऑस्कर माबुयाने ने बताया कि इस 72 लाख की आबादी वाले प्रदेश में केवल एक ही बचाव हेलीकॉप्टर है, जो भी 500 किलोमीटर दूर एक अन्य शहर से लाया गया।



बाढ़ सुबह के समय आई, जब अधिकांश लोग सो रहे थे। कई लोग बाढ़ में बह गए और उनके घर व सामान भी बह गए। अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे खोज जारी है, और शव मिल सकते हैं क्योंकि बचावकर्मी बाढ़ के पानी और तबाह हुए घरों की जांच कर रहे हैं। मरने वालों में कई बच्चे भी शामिल हैं। म्थाथा की एक निवासी जिनाथी वुसो ने कहा, मुझे मानसिक तौर मदद की जरूरत है, क्योंकि मैंने अपने सामने लोगों को मरते देखा। वे टिन की चादरों और मलबे के साथ पानी के साथ बह गए। उन्होंने बताया कि कुछ लोग किसी चीज को पकड़ने या चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह टूट गई और वे भी मर गए। इसीलिए अभी भी शव मिल रहे हैं।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय रमेश चंद्र को श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता के मामा रमेश चंद्र का निधन 2 जून को हो गया था। शुक्रवार को स्व. रमेश चंद्र की श्रद्धांजलि सभा तथा रस्म पगड़ी आयोजित की गई। इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी के सन टावर के क्लब हॉल के बेसमेंट में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्व. रमेश चंद्र के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कांग्रेस ने किया सदर विधानसभा में सृजन संगठन कार्यशाला का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** कांग्रेस की ओर से बूथ कमेटियों के गठन को लेकर संगठन सृजन अभियान के तहत शुक्रवार को सदर विधानसभा की कार्यशाला महानगर कमेटी के कार्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने की।

कार्यशाला में महानगर कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी ने महानगर के सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकताओं को संगठन को मजबूत करने के बारे में विस्तार से बताया। की उपस्थित मे महानगर कार्यालय पर महानगर की नई कार्यकारणी की संगठन सृजन कार्यशाला कार्यकर्म के तहत प्रोग्राम किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी बाबूराम शर्मा ने मंच का संचालन किया।

महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व कार्यकताओं ने अहमदाबाद वायुयान हादसे में मारे गए लोगों के लिए 02 मिनट की मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन सभा के उपरांत बसपा के वार्ड 33 का पार्षद चुनाव लड़े चुके सरदार मनजीत सिंह ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस ज्वाइन की।

सरदार मनजीत सिंह एवं सभी को कांग्रेस पार्टी का पटका एवं फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की विचार धारा और कांग्रेस की विचार धारा को देखते हुए हम सभी कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने का कार्य करेंगे। कार्यशाला में गठन पर कार्य और चर्चा की गई ।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष सी के अग्निहोत्री, विकास शर्मा, मोहम्मद कासिम, एडवोकेट चन्द्रपाल, सूर्यकांत, प्रेम प्रकाश चीनी, रिंकू माथुर, नितिन गोपाल भाटी, नरेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह,संजय सिंह, गंगाराम, शिव कुमार, विनोद शर्मा, उदय पाल सिंह, अमित शर्मा, दीपक पाल, सतीश चन्द, आबिद चौहान, अमित शर्मा, हरिराम,रहीस खान, महेंद्र गौतम, हाफिज खालिद, माया देवी, मोहम्मद हनीफ चीनी, महेश दत्त, आबिद मालिक, नरेंद्र कुमार चौधरी, जल सिंह, पवन शर्मा, भरत गुप्ता, युनुस कुरैशी, मोहम्मद फहीम खान आदि सेकंडों कांग्रेसी उपस्थित थे।

## साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उद्योग बंधुओ ने पुलिस के साथ की बैठक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 की सुरक्षा, अतिक्रमण व नशे के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर पुलिस व उद्योगबंधुयों ने पुलिस के साथ बैठक की। बैठक में साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ते अपराध, अतिक्रमण, यातायात अव्यवस्था तथा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध ठोस कार्यवाही हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यरूप से डीसीपी निमिष पाटिल, एएसपी श्वेता यादव ने समस्या सुनी। एसोसिएशन उपाध्यक्ष अजीत तोमर ने औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा, अतिक्रमण, नशे का कारोबार, अवैध पार्किंग तथा ट्रैफिक से जुड़ी सभी समस्याओं को स्पष्ट रूप से उठाते हुए पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग रखी। उन्होंने कहा कि एसआर कंपनी से एसबीएल कंपनी तक दोनों ओर अतिक्रमण, जिससे उद्यमियों की नियमित आवाजाही में परेशानी होती है। औद्योगिक क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग, चोरी व असामाजिक गतिविधियों में बढ़ोत्तरी, इस पर रोक लगाई जाए। अवैध ट्रक पार्किंग व कबाड़ियों द्वारा सड़क किनारे कब्जा। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी, महिला कर्मचारियों की सुरक्षा तथा बीट कांस्टेबल की सक्रिय बड़ी जाए। डीएसपी निमिष पाटिल ने आश्वासन दिया कि उद्यमियों की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा साथ रहेगी और सभी चिन्हित समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि औद्योगिक क्षेत्र में नशे के कारोबार को चिन्हित कर पूर्णतः समाप्त करने हेतु सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष दिनेश मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत तोमर, एसपी चौहान, एमबी माहेश्वरी, अनिल कुमार जैन, सुनील शर्मा, लक्ष्मण, कार्यालय सचिव चरणजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## प्राधिकरण के जोन-3 में अवैध कालोनियों में चला जीडीए का बुलडोजर, 34 बीघे पर अवैध निर्माण किया ध्वस्त





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निदेशों के अनुपालन में शुक्रवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में अनिल कुमार, नवीन कुमार, ओंकारनाथ, लोकेश त्यागी, एस0 चौहान आदि, खसरा संख्या-277, 276, 279, 282, 283 व 286, गुलधर रेलवे स्टेशन के पास मैनापुर, गाजियाबाद पर लगभग 24 बीघे में विकसित की जा रही कालोनी की सड़क, भूखण्ड की बॉउण्ड्रीवाल को पुनः ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड़ पर पूर्व में लगभग 10 बीघे में विकसित कालोनी के अन्तर्गत सड़क, भूखण्ड की बॉउण्ड्रीवाल इत्यादि को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं और निर्माणकर्ताओं ने काफी विरोध किया। लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल ने उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थल पर अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्तागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, थाना-मधुबन बापूधाम पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बेटियां हमेशा से पिता का अभिमान होती है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपनी प्यारी बिटिया विभूति संगल के जन्मदिन पर अपने मन की भावनाओं को शब्दों के जरिए व्यक्त किया। उन्होंने अपनी प्यारी बेटी विभूति के लिए सभी खुशियों की कामना की। एक पिता की अपनी बेटी के जन्मदिन पर खुशी को खुद में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।